

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 342 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में घटकर 5.48 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली: उपभोक्ता** मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 फीसदी पर आ गई है। पिछले महीने अक्?टूबर में खुदरा महंगाई दर उछलकर 14 महीनों के उच्चतम स्तर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी। ऐसा सब्जियों की कीमतों में नरमी और खाद्य तेल की कीमतों में स्थिरता के कारण हुआ है।

# 'एक देश एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी

● सरकार इसे अगले सप्ताह संसद में पेश कर सकती है, सरकार समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी

**मंजूरी प्रदान की**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव से जुड़े विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार इसे अगले सप्ताह संसद में पेश कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान की थी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की थीं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने उस समय जानकारी दी थी कि सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा था कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। संसदीय समिति ने 2015 में अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया।



### समिति की क्या थीं सिफारिशें?

**समिति** ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एक साथ चुनाव की सिफारिशें को दो चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा।

पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित किये जायेंगे। दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत और नगर पालिका) किये जायेंगे। इसके तहत सभी चुनावों के लिए समान मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके लिए पूरे देश में विस्तृत चर्चा शुरू की जाएगी। वहीं एक कार्यान्वयन समूह का भी गठन किया जाएगा। 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए हैं। 1999 में विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट में पांच वर्षों में एक लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए चुनाव का सुझाव। 2015 में संसदीय समिति की 79वीं रिपोर्ट में दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाए गए।
राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श किया।



गृहमंत्री अमित शाह से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने नई दिल्ली में गुरुवार को मुलाकात की।

## सुखबीर बादल की धार्मिक सजा पूरी

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह के अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर बादल और अन्य अकाली नेताओं को सुनाई गई धार्मिक सजा गुरुवार को पूरी हो गई। अब सुखबीर बादल को दोबारा अकाल तख्त साहिब पर पेश होकर अपनी सजा का ब्यौरा देंगे। पंथक मामलों की अनदेखी करने, डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी दिलवाने आदि जैसी आरोपों के बाद बीती दो दिसंबर को अकाल तख्त साहिब पर पांचों सिंह साहिबानों की मौजूदगी में अकाल तख्त जत्थेदार ने धार्मिक सजा सुनाई थी।

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों को मिलेगा विशेष राहत पैकेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पिछले दो वर्षों के दौरान राज्य में विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रदेशवासियों के सहयोग और कांग्रेस हाईकमान के अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया गया। मंत्रिमंडल ने बिलासपुर में आयोजित दो वर्ष के समारोह के सफल आयोजन के लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्रिमंडल ने शिमला जिले के समेज व रामपुर, कुल्लू जिले के जाओं-बागीपुल, निरमंड और मंडी जिले के टिक्कम थालू-कोट सहित आपदा प्रभावित क्षेत्रों को विशेष राहत पैकेज देने का निर्णय लिया।

इस पैकेज के अंतर्गत पिछले वर्ष की तरह प्रभावित परिवारों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए मुआवजा राशि को 1.5 लाख रुपये बढ़ाकर सात लाख रुपये किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने उद्योग विभाग में 80 खनन रक्षकों की नियुक्ति के लिए 20 से 30 वर्ष की आयु सीमा तय करने के मापदंड को मंजूरी प्रदान की। सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 26 पद भरने, शिक्षा विभाग में पंजाबी भाषा के 17 अध्यापकों तथा उर्दू भाषा के 14 अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने को भी मंजूरी दी गई।



## कर रिफंड 46.31 फीसदी बढ़कर 3.08 लाख करोड़ होगा: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर रिफंड जारी करने में सुधार की घोषणा की। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 27 नवंबर के बीच 3.08 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में 46.31 फीसदी की वृद्धि है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर बताया कि कर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आयकर रिटर्न पोर्टल ने एक सेकंड में 900 से ज्यादा फाइलिंग और एक दिन में करीब 70 लाख आयकर रिटर्न (आईटीआर) संभाले।

## कल्याण की टिप्पणी मर्यादा के अनुकूल नहीं: ओम

### व्यक्तिगत टिप्पणी सदन की मर्यादा के अनुकुल नहीं है: ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सदस्यों से आग्रह किया कि सहमति-असहमति अपनी जगह है लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी सदन की मर्यादा के अनुकुल नहीं है। लोकसभा में गुरुवार को कार्यवाही के प्रारंभ में ही अध्यक्ष बिरला ने सदन को अवगत कराया कि कल्याण बनर्जी ने कल की अपनी टिप्पणी पर माफी मांग ली है और उन्हें लिखित तौर पर भी दे दी है। उन्होंने कहा कि सदन में किसी सदस्य को व्यक्तिगत, जातिगत और लिंग विशेष टिप्पणी से बचना चाहिए। सकारात्मक व्यंग्य हों लेकिन किसी पर इस तरह की टिप्पणी न हो। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी के बुधवार को लोकसभा में दिये एक बयान पर विवाद पैदा हो गया था। उनकी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई टिप्पणी पर महिला सांसदों ने आपत्ति जताई थी।



**दुर्भाग्यपूर्ण**

▶▶ एक बयान पर विवाद पैदा हो गया था। उनकी सिंधिया पर की गई टिप्पणी पर महिला सांसदों ने आपत्ति जताई

## हरियाणा में शीत लहर की चेतावनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पहाड़ों** पर शुरू हुई बर्फबारी ने मैदानों को कंपा दिया है। हरियाणा के मैदानी इलाकों में दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। मौसम विभाग के शीत लहर की चेतावनी के तीसरे दिन पारे में जबरदस्त गिरावट आई है। पिछले 24 घंटे में पारे में 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। इस मौसम में यह सबसे अधिक गिरावट है। इससे पहले प्रदेश का औसत तापमान 7.5 डिग्री के आसपास था। मौसम विभाग ने 15 दिसंबर तक शीत लहर की चेतावनी जारी की है। पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह के साथ सिरसा, फतेहाबाद, झज्जर, रोहतक में चेतावनी जारी की गई है। महेंद्रगढ़ में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री दर्ज किया गया। हिसार में रात का पारा 1.6 डिग्री रहा।

देश के सबसे ठंडे जिलों में इस समय हरियाणा के 4 जिले शामिल हैं।
राजस्थान का सीकर 1.5 डिग्री पर देश में सबसे ठंडा रहा। सीकर के फतेहपुर का पारा -1 डिग्री रहा। हरियाणा का महेंद्रगढ़ जिला 1.2 डिग्री पारे के साथ देश में दूसरे स्थान पर रहा है। हिसार तीसरे, भिवानी चौथे और करनाल 8वें स्थान पर रहा।

**बर्फबारी**

▶▶ हरियाणा का महेंद्रगढ़ जिला 1.2 डिग्री पारे के साथ देश में दूसरे स्थान पर रहा है






# गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश

## जन सेवाओं को प्रदान करने में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई - मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर में स्वच्छता मानकों के अनुरूप सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। शहर में स्वच्छता की तरफ विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि ?गुरुग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अगले माह की बैठक के दौरान वे स्वयं स्वच्छता का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जन सेवाओं के लिए गंभीर है। सभी विभागों के अधिकारी फील्ड में रहकर उनके विभाग की सेवाएं जनता को मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। जन सुविधाओं के प्रति अधिकारियों का ढुलमुल रवैया बदार्शत नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 23 परिवाद रखे गए, इनमें से 19 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष परिवाद अगली बैठक के लिए आरक्षित कर अधिकारियों को स्टेटस रिपोर्ट साथ लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, श्री मुकेश शर्मा, श्री तेजपाल तंवर सहित विभिन्न उच्चाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी एसटीपी के शोधित जल की गुणवत्ता पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण के लिए एसटीपी के शोधित पानी की गुणवत्ता नियमित रूप से चेक की जाए। साथ ही, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ट्रीटमेंट के बाद लैब में पानी की जांच के पश्चात ही उसे कृषि कार्य के लिए किसानों को दिया जाए।



***परिवादों पर गंभीरता से कार्य करें अधिकारी***

बैठक में गांव सराय अलावर्दी में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कुछ लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दिए कि तुरंत प्रभाव से सभी प्रकार के अवैध कब्जे हटाकर भूमि खाली करवाई जाए। इस भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाए, ताकि लोगों को सार्वजनिक समारोहों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मिल सके।

लेजर वैली में म्यूजिकल फाउंटेन व अवैध विज्ञापन सामग्री से संबंधित शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लेजर वैली के आसपास सार्वजनिक लाइटें, सीसीटीवी कैमरे व म्यूजिकल फाउंटेन संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण करें। इसके अलावा, उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में यूनिपोल व बस स्टॉप आदि पर विज्ञापन होर्डिंग लगवाने के लिए एक नई पॉलिसी तैयार करें, जिससे निगम को राजस्व का घाटा न उठाना पड़े। विज्ञापन साइटों की निविदाएं आमंत्रित की जानी चाहिए। गांव जाटौला में 100-100 वर्ग गज के प्लाट से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी यह ध्यान रखें कि जरूरतमंद व्यक्ति को हर हाल में सरकारी योजना का लाभ मिले। गांव सिलोखरा में मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को बंद करने का मामला भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित थाना क्षेत्र के एसएचओ की भूमिका की जांच के आदेश दिए और पुलिस आयुक्त को संबंधित एसएचओ को वहां से हटाने के भी निर्देश दिए।

## सिटी बस टर्मिनल में खुलेगा अस्पताल, संचालन के लिए 4 कंपनियां आईं सामने

**नोएडा।** सेक्टर-82 स्थित सिटी बस टर्मिनल की खाली पड़ी इमारत को किराये पर देने की तैयारी प्राधिकरण में चल रही है। बस टर्मिनल में अस्पताल के संचालन को प्री बिड बैठक में चार कंपनियां आयी है। अब यह तो लगभग तय हो गया है कि इस सिटी बस टर्मिनल की इमारत में अस्पताल का ही संचालन ही किया जाएगा। 17 फरवरी को रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) खोली जाएगी।



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **वरुण कुमार, पुत्रः विक्रम सिंह, निवासीः मकान नं. 422/4/1, शंकर नगर गली नंबर 1, कृष्णा नगर पूर्व, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **DD No. 95A Dt.22.03.2023 U/S 40A Ex. Act** के तहत एक मामला **थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **वरुण कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **वरुण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **वरुण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
संघमित्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं.54,
दूसरी मंजिल, शाहदरा (जिला)
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16286/SHD/2024

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 दवारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61246406A | किट फॉर मॉडिफिकेशन ऑफ जंक्शनबॉक्स बॉक्स असेंबली | 161 सेट्स | 31 दिसम्बर 2024 |

निविदा शर्तें:– 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस संख्या:– **61246406A** **3811/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.:** 2024-दिसंबर-01 **दिनांक:** 05.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024-दिसंबर-01-01 | ₹ 64959833.08 | मथुरा - अलवर खंड में विभिन्न सीमित ऊँचाई सबवे पर जल रिसाव रोकने के लिये साइड शीट तथा पी. यू. ग्राउटिंग का प्रावधान। |
| 2 | 2024-दिसंबर-01-02 | ₹ 43715617.37 | मथुरा – आगरा खंड में पशुओं की क्षति रोकने के लिये ट्रैक के सहारे डब्लू बीम मैटल क्रैश बैरियर का प्रावधान। (10 किमी) |
| 3 | 2024-दिसंबर-01-03 | ₹ 31822119.00 | आगरा मंडल में फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टर (पी. ए. यू. टी.) के द्वारा सभी प्रकार की रेलों की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग का कार्य। |
| 4 | 2024-दिसंबर-01-04 | ₹ 8573696.00 | सहा. मं. इंजी./द्वितीय/मथुरा के अधीन व खंड. इंजी./रेल पथ/दक्षिण/मथुरा के खंड में अप तथा डाउन के लिये एक वर्ष हेतु विविध रेल पथ कार्य। |
| 5 | 2024-दिसंबर-01-05 | ₹ 9464571.85 | सहा. मं. इंजी./द्वितीय/मथुरा के अधीन व खंड इंजी./रेल पथ/बृजनगर के खंड में एक वर्ष हेतु विविध रेल पथ कार्य। |
| 6 | 2024-दिसंबर-01-06 | ₹ 9691939.75 | सहा. मं. इंजी./द्वितीय/मथुरा के अधीन व खंड. इंजी./रेल पथ/पश्चिम/मथुरा के खंड में एक वर्ष हेतु विविध रेल पथ कार्य। |
| 7 | 2024-दिसंबर-01-07 | ₹ 8082383.91 | भॉडई - इटावा एवं आगरा - धौलपुर खंड में विभिन्न स्थलों पर ट्रैक की उथली छनाई का कार्य। |
| 8 | 2024-दिसंबर-01-08 | ₹ 26869488.23 | आगरा फोर्ट - बाँदीकुई जं. : सहा. मंडल इंजी. लाइन/ईदगाह के खंड में टी. बी. आर 23.306 किमी (लूप लाइन) तथा टी. बी. आर. (टर्न आउट) 47 सेट (1/12) |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक 27.12.2024 को **15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2100/24 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### भारतीय मानक ब्यूरो
गाजियाबाद शाखा, कार्यालय

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक: 12 दिसम्बर, 2024**

***गाज़ियाबाद में बीआईएस की छापेमारी: बिना मानक वाले हेलमेट जब्त***

ग़ाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश – भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) की ग़ाज़ियाबाद शाखा ने आर एस हेलमेट इंडस्ट्रीज पर बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई मंझला बाज़ार, ख़ोरा कॉलोनी स्थित एक फैक्ट्री पर की गई, जहां क़रीब 660 टू-व्हीलर राइडर्स के हेलमेट, जिनकी मान्यता समाप्त हो चुकी थी, और 242 ISI मार्क वाले हेलमेट शैल्स एवं 163 बिना ISI मार्क के हेलमेट पाए गए।

यह छापेमारी ब्यूरो की जॉइंट डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका और डिप्टी डायरेक्टर श्री हरिओम मीना के नेतृत्व में की गई, जिसमें ख़ोरा पुलिस थाना, ग़ाज़ियाबाद पुलिस का सहयोग भी रहा। छापे के दौरान आरोपी श्री शंकर कुमार के स्वामित्व वाली कंपनी के कार्यकारी मिथलेश कुमार मौके पर मौजूद थे।

सभी जब्त किए गए हेलमेट्स को फैक्ट्री में सुपर्दगी में रखा गया है और कुछ हेलमेट्स को सबूत के तौर पर सील कर दिया गया। बीआईएस एक्ट 2016 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित प्राधिकरण द्वारा केस दायर किया जाएगा और जब्त सामग्री को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

*यह कार्रवाई मानक उल्लंघन के खिलाफ बीआईएस द्वारा की गई सख्त कार्रवाई का हिस्सा है, जो उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जाती है।*

**संपर्क: फोन: 0120-2771091, 2771092 | ईमेल: gzbo@bis.gov.in**

**वेबसाइट: https://www.bis.gov.in/gzbo**

अधिक जानकारी के लिए कृपया BIS वेबसाइट पर जाएं या संपर्क करें:
भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नंद किशोर प्रॉप. के मैसर्स नंद टेंट डेकोरेटर्स एंड कैटर्स,** पताः दुकान नं. 2, प्लॉट नं. एचआर–17, मेन शर्मा मार्केट, सूरज कुंड रोड, पुल प्रहलादपुर, दिल्ली ने **CC No. 305/19, U/s 138/142 NI Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नंद किशोर** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **नंद किशोर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 305/19, U/s 138/142 NI Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **नंद किशोर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–05
कमरा नं. 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16226/OD/2024

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 24/81 **दिनांकः** 10.12.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई. एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 64245329 | हाइड्रॉलिक डी सी वाल्व | 1382 नग | 03.01.2025 |
| 2 | 30243046ए | 160 केएन हायर कैपेसिटी एयर स्प्रिंग | 54 सेट | 13.01.2025 |
| 3 | 38242870 | पी यू लाइनिंग (टॉप एंड बॉटम) ऑफ कान्स्टेन्ट कान्टेक्ट पालीयूरेथेन साईड बीयरर पैड असेम्बली | 28368 सेट | 06.01.2025 |
| 4 | 20243698A | सर्ज अरेस्टर | 78 नग | 07.01.2025 |
| 5 | 50245501 | 48 ओ.एफ.सी | 305.5 कि.मी. | 08.01.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2108/24 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## भाई पर लगाया गंदा आरोप

**गाजियाबाद।** मसूरी पुलिस ने दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाने वाली युवती को उसके साथी के साथ बुधवार को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि आठ दिसंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से एक सूचना मिली, जिससे पता चला कि मसूरी में रहने वाली एक युवती से उसके चचेरे भाई ने दुष्कर्म किया है।

**क्या है मामला?**

पुलिस ने मौके पर जाकर पूछताछ की तो पता चला कि 28 नवंबर को युवती ने अपने चचेरे भाई और चाचा के खिलाफ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके मोबाइल को चेक करने पर पता चला कि उसके पास तीन दिसंबर को क्राइम आज तक के नाम से यूटयूब चैनल चलाने वाले शालीमार गार्डन स्थित पप्पू कॉलोनी के सरताज ने एक प्रार्थना पत्र भेजा था, उसमें दो दिसंबर को युवती से दुष्कर्म होने की बात लिखी थी। आठ दिसंबर को सरताज के कहने पर महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक वीडियो बनाकर सरताज को भेजा।

## दूसरी शादी करने पहुंचा युवक, ससुर ने फेरे से पहले रंगे हाथों पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में एटा के एक व्यक्ति ने दूसरी शादी करने पहुंचे दामाद को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वह महिला से मारपीट करता था और छोड़ने की धमकी देता था।

**2020 में हुई पहली शादी :**

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। एटा का रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 में अपनी बेटी का विवाह प्रेम विहार कॉलोनी खोड़ा के अजब सिंह से किया था।

**दूसरी युवती से शादी की सूचना पर आनन-फानन पहुंचे सुसरः** आरोप है कि शादी के बाद से ही अजब सिंह उनकी बेटी से आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करता था। उन्हें जान से मारने की धमकी देता था। बेटी ने उन्हें इसकी जानकारी दी थी, लोक लिहाज के चलते वह शांत रहे। कई बार समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं माना।



**एटा से खोड़ा पहुंच गए परिवार के लोग**

वह बेटी को छोड़ने की धमकी देता था। आठ दिसंबर को उन्हें जानकारी मिली कि अजब सिंह किसी दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है। वह अपने परिवार के साथ एटा से खोड़ा पहुंच गए। यहां शादी की तैयारी चल रही थी।

आरोप है कि परिवार के लोग भी वहां पर मौजूद थे। उन्होंने दामाद को पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत पर आरोपित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

**मानसिक विक्षिप्त महिला को अस्पताल में कराया गया भर्ती**

उधर, शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में दो साल की मृत बच्ची को लेकर घूमने वाली महिला को पुलिस ने आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला के पिता ने उसके खिलाफ बच्ची की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## गाज़ियाबाद में बीआईएस की छापेमारी: बिना मानक वाले हेलमेट जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश झ** भारतीय मानक ब्यूरो (इक) की गाज़ियाबाद शाखा ने आर एस हेलमेट इंडस्ट्रीज पर बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई मंझला बाजार, खोरा कॉलोनी स्थित एक फैक्ट्री पर की गई, जहां करीब 660 टू-व्हीलर राइडर्स के हेलमेट, जिनकी मान्यता समाप्त हो चुकी थी, और 242 क्क्कमार्क वाले हेलमेट शैल्स एवं 163 बिना क्क्कमार्क के हेलमेट पाए गए। यह छापेमारी ब्यूरो की जॉइंट डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका और डिप्टी डायरेक्टर श्री हरिओम मीना के नेतृत्व में की गई, जिसमें खोरा पुलिस थाना, गाज़ियाबाद पुलिस का सहयोग भी रहा। छापे के दौरान आरोपी श्री शंकर कुमार के स्वामित्व वाली कंपनी के कार्यकारी मिथलेश कुमार मौके पर मौजूद थे।





### एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।





# क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।




# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उतारे 21 उम्मीदवार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपने पुराने और दिग्गज नता संदीप दीक्षित को उतारा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव बादली विधानसभा सीट से लड़ेंगे। पटपड़गंज सीट से चौधरी अनिल कुमार मैदान में होंगे, जहां से आप के अवध ओझा प्रत्याशी बनाए गए हैं।

**किसको कहां से मिला टिकट?**

**नरेला से अरुणा कुमारी**
बुराड़ी से मंगेश त्यागी
आदर्श नगर से शिवांक सिंघल
बादली से देवेंद्र यादव
सुलतानपुर माजरा से जय किशन
नागलोई जट रोहित चौधरी
शालीमार बाग से प्रवीण जैन
वजीरपुर से रागिनी नायक
सदर बाजार से अनिल भारद्वाज
चांदनी चौक से मुदित अग्रवाल
बल्लिमारान से हारून यूसुफ
तिलक नगर से पीएस बावा

**ताल ठोकेंगे**

**नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपने पुराने और दिग्गज नता संदीप दीक्षित को उतारा**

द्वारका से आदर्श शास्त्री
नई दिल्ली से संदीप दीक्षित
कस्तुरबा नगर से अभिषेक दत्त
छतरपुर से राजिंदर तंवर
अंबेडकर नगर से जय प्रकाश
ग्रेटर कैलाश से गरवित सिंघवी
पटपड़गंज से अनिल कुमार
सीलमपुर से अब्दुल रहमान
मुस्तफाबाद से अली महंदी

**गठबंधन न होने पर कांग्रेस की रणनीति**

आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन न होने के बाद कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी। उसका लक्ष्य मजबूत और लोकप्रिय उम्मीदवारों को चुनकर अधिकतम सीटों पर जीत हासिल करना है।

# दिल्ली सरकार ने सीएजी रिपोर्ट एलजी को भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट को जानकारी दी कि शराब कर, प्रदूषण और वित्त से संबंधित सीएजी रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखने के लिए उप राज्यपाल को भेज दी है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ सुधीर प्रदीप नंद्राजोग ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के पास वित्त विभाग है। उन्होंने सीएजी रिपोर्ट उप राज्यपाल को भेज दी है, लेकिन वे इस संबंध में लिखित तौर पर नहीं दे सकते। सुनवाई के दौरान उप राज्यपाल की ओर से पेश वकील ने कहा कि 11 दिसंबर की रात में दस फाइलें उप राज्यपाल कार्यालय को विधानसभा के पटल पर रखने के लिए भेजी गई हैं। उसके बाद कोर्ट ने दिल्ली सरकार और उप राज्यपाल की ओर से पेश वकीलों को इस संबंध में अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

# रामजस स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रामजस स्कूल डे बोर्डिंग आनंद पर्वत का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह तालकटोरा स्टेडियम में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम 'ECHOES IN STONE' के मुख्य अतिथि सांसद योगेन्द्र चंदौलिया रहे। सांसद योगेंद्र चंदौलिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगेन्द्र चंदौलिया का विद्यालय के चेयरमैन अतुल गुप्ता तया सचिव कैलाशनाथ बंसल ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा पुष्पों से अभिनंदन किया।

प्रधानाचार्या सारिका अरोड़ा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व विद्यालय की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि ने रामजस विद्यालय के प्रयासों की सराहना की व विद्यालय की शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। रामजस के सौ वर्षों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए योगेन्द्र चंदौलिया ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर इस संस्थान को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। साथ ही छात्रों का भी उत्साहवर्धन किया।

वहीं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सचिव कैलाशनाथ बंसल ने गणमान्य अतिथियों व सभी कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद दिया।

**पुरस्कार वितरण**

**समारोह में सांसद योगेन्द्र चंदौलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, छात्रों का बढ़ाया उत्साह**



# गुरुग्राम विवि के नए परिसर के उद्घाटन को कुलपति ने सीएम को दिया निमंत्रण

## कुलपति ने सीएम को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विवि से जुड़ी अन्य जानकारियां दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से गुरुवार को विश्राम गृह में मुलाकात की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सेक्टर-87 स्थित नए परिसर का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए हुए जल्द ही नए परिसर का उद्धघाटन करने के लिए यूनिवर्सिटी आने की बात कही। इस मुलाकात के दौरान प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री को गुरुग्राम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विश्वविद्यालय से जुड़ी अन्य जानकारियां दी। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में हुए



विकास कार्यों के बारे में बात करते हुए जानकारी दी कि गुरुग्राम विवि और इससे सम्बद्ध सभी कॉलेजो में नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ने समय एवं इंडस्ट्री की मांग के अनुसार 58 नए रोजगारपरक कोर्स शुरू किए हैं। इन सभी कोर्सों के सफल संचालन एवं शिक्षकों की कमी को दूर करते हुए 61 नए शिक्षकों की भर्ती की है। उन्होंने सीएम को बताया कि पहले विद्यार्थियों की परीक्षा का परिणाम लेट आता था, जिससे विद्यार्थियों को आगे दाखिले लेने में समस्या आती थी। अब यूनिवर्सिटी के एग्जाम विभाग की प्रभावी योजना

**उद्घाटन**

**सीएम ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए हुए नए परिसर का उद्धघाटन करने के लिए यूनिवर्सिटी आने की बात कही**

के सफल क्रियान्वन के आधार पर अब लगभग एक महीने के बाद परीक्षा का परिणाम घोषित हो जाता है। कुलपति ने आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर स्थापित की गयी निशुल्क फिजियोथैरेपी ओपीडी, विभिन पीएचडी प्रोग्राम्स, बस सुविधा, नैक मान्यता के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

# रक्तदान से बढकर नहीं कोई दूसरा दान, इस महादान में अवश्य करें शिरकतः राजीव जैन

**शिविर**

**राजीव जैन ने किया सोनीपत ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ**



**टी एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से बढकर दूसरा कोई दान नहीं है। यह एक प्रकार से जीवन दान है। इस महादान में हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर आहुति डालनी चाहिए। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी धर्मवीर दहिया के पुत्र मनोज कुमार की आठवीं पुण्यतिथि के मौके पर सोनीपत ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने दीप प्रज्वलित करके किया। रक्तदान शिविर में 51 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मुख्य अतिथि जैन ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अनुकरणीय तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। महावीर पहल ने 68वी, सतीश न 40वी, अजित ठेकेदार ने 36वी बार, सागर, पदम ने 12वी, अशोक, दिनेश ने 10वी बार, शुभम ने तीसरी, नितिन ने दूसरी एवं लक्की, नीरज ने पहली बार रक्तदान किया। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बैज लगाकर रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए बताया कि 18 से 65 वर्ष की आयु के सभी स्वस्थ आदमियों को हर तीन महीने बाद रकतदान करते रहना चाहिए। इससे शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि रक्तदाता पुण्य का भागी बनता है। रक्तदान की नियमित रूप से आवश्यकता रहती है। रक्त की जरूरत केवल रक्त से ही पूरी हो सकती है। इसलिए रक्तदान बहुत जरूरी है।

# लिव इन रिलेशन व एक गांव एक गोत्र शादी पर लगे पाबंदीः कंडेला



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: सर्वजातीय खाप पंचायत** के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीयध्यक्ष टेकराम कंडेला ने गुरूवार को अपने गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि लिव इन रिलेशनशिप को बंद किया जाए। आज हमारे समाज में महिला व पुरुष अपने घर पर तीन-तीन बच्चों को छोड़ कर लिव इन रिलेशनशिप को अपना रहे हैं। जिसे हमारे समाज का ढांचा खराब होता जा रहा है। कंडेला ने कहा कि लंबे समय से खाप पंचायतें एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाने की मांग कर रही है। इस मांग को भी केंद्र सरकार ने गंभीरता से लेना चाहिए। एक गांव में एक गोत्र में शादी होने से सामाजिक भाईचारा खराब होता जा रहा है व ऑनरकिलिंग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए शादी पर माता-

**मांग**

**लंबे समय से खाप पंचायतें एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाने की मांग कर रही है**

पिता की सहमति होनी चाहिए। कंडेला ने कहा कि देश में बढ़ रहे नशे को खत्म करने के लिए सर्वखाप जनकल्याण मंच, भारतीय किसान मजदूर यूनियन का संयुक्त संगठन पूरे उत्तरी भारत में मजबूती से कार्य कर रहा है। आने वाले जनवरी के महीने में संगठन के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कृष्णलाल शर्मा के नेतृत्व में नजफगढ़, पालम, कंझावला, मुंडका, पीरागढ़ी आदि कस्बो में नशे को रोकने के लिए व सामाजिक मुद्दों पर बैठकें की जाएंगी व दिल्ली के अंदर अपने संगठन को मजबूत किया जाएगा।

# लकड़ी की कारविंग कला से जीता पर्यटकों का दिल

**जागरू किया**

**सहारनपुर के शिल्पकार जावेद 10 सालों से पहुंच रहे है महोत्सव में**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। वेस्ट लकड़ी से पोट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया गया।



सहारनपुर से आए शिल्पकार जावेद पिछले 10 सालों से महोत्सव में अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच रहे है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है। शिल्पकार जावेद से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वे अपने साथ लकड़ी का बना साजो-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है तथा इसको बनाने में कम से कम 2 से 4 दिन का समय लगता है तथा अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी करते है। इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है।

**बनारस के शिल्पकार मोहम्मद हनीफ का महोत्सव के साथ है 25 सालों का नाता**

बनारस के शिल्पकार मोहम्मद हनीफ का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ 25 सालों का नाता रहा है। इस महोत्सव में 1999 से लगातार आ रहे है और महोत्सव में आने वाली बेटियों और महिलाओं के लिए बनारसी सूट, साड़ी और दुपट्टे तैयार करके

# रोजगार मेले का आयोजन, 62 युवाओं को मिला जॉब का ऑफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिला रोजगार कार्यालय में गुरुवार को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करवाने हेतु एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मेले का प्रारंभ अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला रोजगार अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने मुख्यातिथि एडीसी राहुल मोदी का स्वागत किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस रोजगार मेले में 137 प्रार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 63 प्रार्थियों को जॉब हेतु ऑफर दिया गया। रोजगार मेले में एके ऑटोमोटिव रोहतक, न्यूमैक्स स्किल एंड मैनेजमेंट रोहतक, श्री राम पूनियां कोऑपरेटिव फतेहाबाद, एलआईसी तथा एसआईएस कंपनियों द्वारा प्रार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रोजगार विभाग द्वारा रोजगार मेले का आयोजन एक प्रभावी पहल हो सकती है।

# सावित्री ने समस्याओं के समाधान पर की डीआरएम से मुलाकात

**टीम एक्शन इंमडिया**

**हिसार:** हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने बीकानेर मंडल के डीआरएम आशीष कुमार के साथ हिसार के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। सर्वप्रथम सावित्री जिंदल ने तिरंगा प्रदान कर आशीष कुमार डीआरएम बीकानेर रेलवे का अभिनंदन किया। विधायक सावित्री जिंदल ने गुरुवार को रेवाड़ी रेलवे लाइन के साथ लगते सूर्यनगर क्षेत्र का डीआरएम आशीष कुमार के साथ मुयायना किया और व्यक्तिगत रूप से वहां के लोगों की रेलवे से जुड़ी समस्यायों को सुना। दौरे में सूर्य नगर और शिव कॉलोनी के पास रेलवे लाइन के साथ एक हरित पट्टी विकसित करने की योजना प्रमुख रही। डीआरएम ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे इस योजना को जल्द से जल्द क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।सावित्री जिंदल ने हिसार और दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की भी मांग की। उन्होंने इस सेवा को शुरू करने के महत्व को उजागर किया जिससे हिसार के निवासियों को फास्ट ट्रैन सुविधा से यात्रा का लाभ मिलेगा। डीआरएम ने इस प्रस्ताव पर विचार करने का आश्वासन दिया।सूर्य नगर के निवासियों की सुविधा के लिए सावित्री जिंदल ने एक अंडरब्रिज बनाने की भी मांग रखी। वर्तमान में इन निवासियों को दिल्ली रोड तक पहुंचने के लिए लगभग 1.5 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। अंडरब्रिज बनने से यह दूरी घटकर केवल 250-300 मीटर रह जाएगी जिससे उनका जीवन सरल और सुविधाजनक होगा। इन योजनाओं के कार्यान्वयन में विशेष रुचि दिखाते हुए डीआरएम अशीष कुमार ने सभी पहलुओं को प्रबंधित करने का आश्वासन दिया।

# बीजेपी राज में कानून व्यवस्था जर्जर, हर व्यक्ति असुरक्षित- हुड्डा

**मांग**

**हठधर्मिता छोड़े बीजेपी सरकार, किसानों से बातचीत कर जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन करवाए खत्म**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 16 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी सेहत लगातार गिर रही है। बीजेपी सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़कर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। उनकी मांगों का समाधान कर तुरंत जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाना चाहिए।

हुड्डा चंडीगढ़ आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसान कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं। वो सरकार को उसका अपना वादा याद दिला रहे हैं। ये वही वादा है, जो सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म करवाते हुए किसानों से किया था। किसान चाहते हैं कि



उन्हें एमएसपी की गारंटी मिले और यह मांग पूरी तरह जायज है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकना बीजेपी का प्रजातंत्र विरोधी कदम है। किसान की आवाज दबाने की बजाय सरकार को बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन बीजेपी सरकार किसानों से यह अधिकार छीन रही है। जबकि किसानों ने सरकार के बात मानते हुए बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। गुरुग्राम के क्लब में बम धमाके पर टिप्पणी करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बमबारी जैसी वारदातों से प्रदेश की जर्जर हो चुकी कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीजेपी सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है। लेकिन बीजेपी जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रत्येक हरियाणवी खुद को असुरक्षित महसूस करता है।

# ब्रह्मसरोवर के पवित्र घाट बने कला और संस्कृति के अद्भुत संगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर पवित्र ब्रह्मसरोवर के घाट कला और संस्कृति के अदभुत संगम स्थल बन गए है। इस दृश्य का आनंद लेने और अपने मोबाइल में कैद करने के लिए देश और प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक बड़े उत्साह के साथ पहुंच रहे है। इन पर्यटकों का उत्साह उस समय झलकता है जब विभिन्न प्रदेशों के वाद्य यंत्रों और लोक नृत्यों के साथ पर्यटक झूम उठते है। अहम पहलू यह है कि हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर संजोए बेजोड़ नमूने, हरियाणा की आन-बान-



शान देहाती पगड़ी, हरियाणा के पारम्परिक व्यंजन, देशी ठाठ-बाट, रहन-सहन, खेत-खलिहान, मध्य प्रदेश के पवेलियन में झलकती सांस्कृतिक धरोहर इस महोत्सव के आनंद को ओर बढ़ाने का काम कर रही है। महोत्सव के 15वें दिन सरस और शिल्प मेले का आनंद लेने और खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक ब्रह्मसरोवर के घाटों पर नजर आए। इस महोत्सव में लगातार बढ़ रही भीड़ से यह आकलन किया जा सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रदेश ही नहीं देशवासियों का एक विशेष उत्सव बन चुका है और इस उत्सव में अपनी भागीदारी और मौजूदगी को

**हुनर**

**शिल्प और सरस मेले में जमकर हो रही है खरीददारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकार दिखा रहे है अपना हुनर**

दर्ज करवाने के लिए देश-विदेश से लोग ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंच रहे है। विभिन्न प्रदेशों की लोक और शिल्प कलाओं को देखकर ऐसा मालूम होता है कि इन कलाओं का यह संगम पर्यटकों को अपनी ओर चुम्बक की तरह खींच रहा है। शिल्प और सरस मेले का आनंद लेने के उपरांत विभिन्न प्रदेशों के व्यंजन जिनमें राजस्थान के चूरमे, कश्मीर का काहवा व चाय, गोहाना की जलेबी, छोले-भटूरे, पाव-भाजी आदि, पर्यटकों के जीभ के स्वाद को भी बढ़ा रहे है। इस महोत्सव में पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्यटक लोक कलाओं और खानपान का भरपूर आनंद ले पाए इसकी व्यवस्था पर प्रशासन नजर रखे हुए है। प्रशासन के आलाधिकारी समय-समय पर ब्रह्मसरोवर के कार्यक्रमों स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों का भी जायजा ले रहे है और जहां भी कमी नजर आती है, उसे तुरंत दुरुस्त करवाने का काम किया जा रहा है।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टीः श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर: भारतीय जनता** पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान के तहत रादौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा 50 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करने पर कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को हार्दिक बधाई दी ' गुरुवार को यह जानकारी देते हुए भाजपा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत रादौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारीगण व



कार्यकताओं की मेहनत से 50 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बना कर लक्ष्य को पूरा किया गया है और यह सभी भाजपा पदाधिकारीगण व कार्यकताओं की मेहनत से संभव हो पाया है। इसके लिए वह सभी रादौर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों नाहरपुर ,ऊंचा चांदना, रादौर, फर्कपुर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई व धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान अभी 15 दिसम्बर तक बढ़ाया गया है व इस संख्या में और अधिक वृद्धि होगी ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। भाजपा का सदस्यता अभियान पार्टी की नींव है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है व भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हरियाणा राज्य में व केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार कार्यरत है।

# कर्मचारी की गला घोटकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: साथी कर्मचारी के साथ कहासुनी व गाली-गलौच होने पर उसकी बिजली की तार से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक कर्मचारी के तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग की गई बिजली की तार भी बरामद की गई है। पुलिस थाना सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर की पुलिस टीम को एक सूचना गांव खोह में एक व्यक्ति मृत पड़े होने के बारे में मिली। सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर एक कमरे में फर्श पर एक व्यक्ति मृत अवस्था पड़ा मिला। पुलिस टीम द्वारा पुलिस की सीन-ऑफ-क्राईम, फिंगरप्रिन्ट व एफएसएल की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके



पर मौजूद मृतक की बहन ने शव की पहचान अपने बड़े भाई पुष्पेन्द्र पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव नंगला मौलवी थाना देहली गेट जिला अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश) के रूप में की। वर्तमान में वह गांव खोह में किराए पर रहता था। शिकायत के माध्यम से उसने बताया कि उसका भाई सेक्टर-3 आईएमटी मानेसर में स्थित एक कम्पनी काम करता था। गांव खोह में किराए पर रह रहा था। जिस कम्पनी में इसका भाई काम करता था। उसी कम्पनी में काम करने वाले तीन व्यक्ति भी उसके भाई के साथ उसके भाई के किराए के कमरे में रहते थे। पुष्पेन्द्र ने कई बार फोन पर बताया था कि उसके साथ कमरे पर रहने वाले उसके साथी छोटी-छोटी बातों पर इसके साथ झगड़ा करते हैं। जान से मारने की धमकी देते हैं। 10 दिसंबर को सुबह करीब साढ़े चार बजे उसके गांव में रह रहे उसके छोटे भाई ने उसको फोन करके बताया कि पुष्पेन्द्र उठ नहीं रहा है। उसने गांव खोह में अपने भाई पुष्पेन्द्र के किराए के कमरे पर आकर देखा तो इसका भाई कमरे में फर्श पर मृत पड़ा हुआ था। उसके गले व सिर पर चोट के निशान थे। उसके भाई के साथ रहने वाले व्यक्तियों ने इसके भाई से रंजिश रखते हुए उसकी हत्या की है। मृतक पुष्पेन्द्र की बहन द्वारा दी गई उपरोक्त शिकायत पर पुलिस थाना सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर में हत्या का केस दर्ज किया गया। मानेसर थाना प्रबन्धक निरीक्षक देवेन्द्र की पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हत्या की वारदात को अन्जाम देने वाले तीन आरोपियों को पॉवर हाऊस सेक्टर-3 आईएमटी मानेसर से काबू किया। आरोपियों की पहचान सर्जन उर्फ अली, रामानन्द उर्फ बिल्लू, अजीत उर्फ बिन्नी सभी निवासी गांव गणेशपुर, जिला मैनपुरी (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान निवासी गांव खोह आईएमटी मानेसर के रुप में हुई।

**काबू**

**हत्या में प्रयोग की गई एक बिजली की तार भी बरामद, छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करते थे**

# दीपोत्सव व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। भव्य शोभायात्रा व दीपोत्सव** कर पुरस्कार वितरण के साथ बुधवार को सुभाष स्टेडियम में जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का समापन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने दीप जलाकर दीपोत्सव में हिस्सा लेते हुए मंगलकामना की कि सबके जीवन से दुख-संकट रूपी अंधकार का विनाश हो और सुख-समृद्धि से हर व्यक्ति का जीवन प्रकाशित हो। महोत्सव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे गीता का




संदेश अपने जीवन में धारण कर सफलता की सीढि?ों पर अग्रसर हों। गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। यह हमें सिखाती है कि कैसे हम कर्मयोग के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि हजारों साल पहले थे। आज जब हम जीवन की भागदौड़ में उलझे हुए हैं, गीता हमें शांति और संतुष्टि का मार्ग दिखाती है। यह हमें बताती है कि सच्ची खुशी धन-दौलत में नहीं, बल्कि अपने कर्मों में निष्ठा रखने में है।प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि गीता हमें यह भी सिखाती है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए, लेकिन उसके फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। हमें अपने कर्मों के प्रति निष्काम भाव रखना चाहिए। आज के युवाओं के लिए गीता एक मार्गदर्शक का काम करती है। यह उन्हें जीवन के उतार-चढ़ाव से निपटने की शक्ति देती है। गीता हमें सिखाती है कि कैसे हम अपने मन को शांत रख सकते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा भी गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुरूक्षेत्र में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों लोग कुरूक्षेत्र के पावन धरती पर पहुंचकर गीता के संदेश के साथ-साथ हरियाणा की संस्कृति से भी रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ही पहल है जो अब गीता जयंती समारोह को प्रतिवर्ष जिला स्तर पर भी आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर शहर में गीता पर आधारित नगर शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया जो अपने आप में प्रशंसा के पात्र है कि वे मिलकर गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

# सूरज स्कूल में विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ। सूरज स्कूल में** ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय हुई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यस्तरीय गीता जयंती महोत्सव, हरियाणा शिक्षा विभाग व सीबीएसई खेलकूद प्रतियोगिता तथा बालभवन की विभिन्न सह पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं अन्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी तथा पुरस्कार वितरित किए। इनमें प्रमुख रूप से एकल गायन, सह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, भाषण, वाद विवाद, चित्रकला




आदि गतिविधियां प्रमुख थी। खेल प्रतियोगिता में विभिन्न दौड, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, बेडमिंटन, वालीबॉल, फुटबाल एवं निशानेबाजी आदि प्रमुख रूप से शामिल रही। पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के निदेशक संदीप प्रसाद के द्वारा संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों का भी अपना महत्व है। इस गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थी का तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है तथा इनमें स्थान प्राप्त करने से जो उत्साहवर्धन होता है वो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित होता है। इस अवसर पर इन गतिविधियों की तैयारी करवाने वाले शिक्षको को भी सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### कॉलेज की छात्रा हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एक गांव** से संदिग्ध परिस्थितियों में लड़की घर से कहीं चली गई। वह घर से सुबह कॉलेज गई थी। लेकिन घर वापस नहीं लौटी। परिजनों को युवक पर भगा ले जाने का शक है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेंद्रगढ़ सिटी थाना के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ में पढ़ती थी। वह 10 दिसंबर को घर से कॉलेज में आई थी। वहां से करीब 12 बजे से गायब है। उन्होंने कहा कि हमने अपने लेवल पर इधर-उधर व रिश्तेदारियों में अपनी बेटी की तलाश की। लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं चला। हमें महेंद्रगढ़ के सूरज नामक युवक पर शक है। वह मेरी बेटी को कहीं ले गया है।

### बंद पड़ी फेक्ट्री से मोटर चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। बड़ी उद्योगिक** क्षेत्र सिथत बन्द पड़ी फेक्ट्री से चोर हजारों रुपये की मोटर छोटी कर ले गए। फेक्ट्री कर्मचारी ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में लेबर कालोनी, भिवानी निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह बड़ी उद्योगिक क्षेत्र सिथत राज क्लींवाल एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उनकी एक फैक्ट्री फेस-1 में पिछले डेढ़ वर्ष से बन्द पड़ी है। वह 8 दिसम्बर को फेक्ट्री गया तो फेक्ट्री का अंदर से स्टर टूटा हुआ था और फेक्ट्री के अंदर से एक बड़ी व दो छोटी मोटर गायब थी। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई पता नही चला। बड़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### प्रदेश के 100 प्रतिशत हो शौचालय का इस्तेमाल, खुले में कोई शौच न जाए

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। ग्रामीण विकास, हरियाणा के निदेशक जय कृष्ण अभीर ने कहा कि 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस के मौके पर शुरू किया गया हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान सफलतापूर्वक पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। इस अभियान में आमजन ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षित स्वच्छ शौचालयों तक पहुंच के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। पंचायतों में बड़े स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में शौचालय के उपयोग और स्वच्छता स्थिरता के महत्व को सुदृढ करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग (आरडीडी) के नेतृत्व में सभी जिलों में व्यापक प्रयासों के साथ अभियान चलाया गया। कुल 135 जिला स्तरीय सूचना, शिक्षा एवं संचार व व्यवहार परिवर्तन सुधार कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 14748 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि 612 पंचायत-स्तरीय कार्यक्रमों में 37910 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों ने समुदायों को एकजुट किया और सार्वजनिक स्वास्थ्य और सम्मान के लिए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया।

**घरेलू शौचालय मंजूरी पत्र किए गए वितरित**
निदेशक जय कृष्ण अभीर ने कहा कि सभी जिलों में पंचायत स्तर पर लाभार्थियों को 1599 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय मंजूरी पत्र वितरित किए गए, जिससे पात्र परिवार शौचालय बनाने में सक्षम हो सके। 679 स्वच्छता कार्यकताओं सफाई कर्मचारियों को उनमें योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य जिला और ग्राम पंचायत स्तरीय व्यवहार परिवर्तन अभियान शुरू किए गए, जिसमें 38 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। इन अभियानों का उद्देश्य खुले में शौच मुक्त के प्रति दृष्टिकोण बदलना और निरंतर स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

**प्रदेश के सभी लोग करें टॉयलेट का इस्तेमाल**
जय कृष्ण अभीर ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी 100 प्रतिशत लोग टॉयलेट का इस्तेमाल करें। कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न जाए। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर इस तरह के कैंपेन आयोजित किए जाते हैं। यह अभियान 19 नवंबर को शुरू हुआ और 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर समाप्त हुआ।

# प्रयास जूनियर विंग के खेल समारोह में नन्हें छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। प्रयास जूनियर विंग में** खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गयर। जिसमें पीपीवन से लेकर प्रथम कक्षा के छात्रों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाविप के पूर्व अध्यक्ष योगेश कौशिक ने शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि भाविप की महिला विंग की कोर्डिनेटर मनीषा जैन, प्रेस क्लब गन्नौर के प्रधान दलबीर राठी, मुकेश सैनी ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर अतिथियों का स्कूल के चेयरमैन सुरेश बत्रा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पीपीवन के नन्हें छात्रों ने खेलो में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करके दिखाया कि उनके अन्दर भी प्रतिभा की कमी




नही है। उनके अन्दर छूपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। खेलो में ओजस, शोर्या, गौरव, चेतन्य, भूमिक्षा, दिरेन, निकुंज, विराज, भवि ने प्रथम, द्वितीय स्थान हितेष, भव्य, दिवेश, श्रेष्ठा, वेदांश, नविश, अभी, जकश, देवांशी ने व तृतीय स्थान पूर्वी, गुनित, चिराग, हार्दिक, लवन्या, दक्ष, छवि, जीवा, निवा, शिवम, नवनीत, उनित ने प्राप्त किया। मुख्यातिथि कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों का सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नही बल्कि उनका चहुमुखी विकास करना है। उसी प्रकार प्रयास स्कूल छोटे-छोटे उतभरत सितारों को केवल शिक्षा ही नही अपितु खेलो के क्षेत्र में भी सही प्लेटफार्म दे रहा है। स्कूल के प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रूचिका बत्रा ने कार्यक्रम का सफल बनाने में सहयोग किया और छात्रों को आशीर्वाद देकर उनका हौसला बढ़ाया। प्रबंधक अमित बत्रा ने कहा कि खेल एक प्राकृतिक तनाव निवारक है। जो शैक्षणिक दवाब को प्रंबधित करने, आत्म विश्वास और उपलब्धि की भावना को विकसित करने में मदद करता है। खेल अनुशासन, सर्मपण, और दृढ़ता जैसे नैतिक मूल्यों को विकसित करते है और उन्हें जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते है। खेलो की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।

# खरखौदा से महिला नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा में वीरवार** को हरियाणा एनसीबी यूनिट रोहतक द्वारा गांव छोटा थाना खुर्द जिला सोनीपत से एक महिला नशा तस्कर को 18 ग्राम 43 मिलीग्राम हैरोईन सहित किया काबू। सोनीपत/रोहतक हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख/पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, आई.पी.एस के दिशा निदेर्शों पर एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान "नशा मुक्त हरियाणाझनशा मुक्त भारत" के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा एनसीबी यूनिट रोहतक ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते एक महिला नशा तस्कर को 18 ग्राम 43 मिलीग्राम हैरोईन सहित गांव छोटा थाना खुर्द जिला सोनीपत को मटिण्डू चौंक बरोणा रोड़ ख?खौदा से काबू किया। इस संबंध में प्राथमिक जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट रोहतक के प्रभारी उप निरीक्षक जयबीर सिहँ ने बतलाया कि नशीले पदार्थ की रोकथाम के संबंध में एएसआई रोहतास अपनी टीम सहित खरखौदा के मटिण्डू चौंक पर मौजूद थे।

# नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट ने कैथल में मेडिकल स्टोर को किया सील

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ब्यूरो युनिट करनाल ने जिला कैथल में एक मैडिकल स्टोर पर दवाइयों की जांच की। टीम को जांच के दौरान 60 नशीली गोलियां एलप्राजोलम और कुछ संदिग्ध दवाइयां वहां पर मिली और अन्य अनियमितता मिलने पर डीसीओ ने संदिग्ध दवाइयों के संबंध में अपनी रिपोर्ट तैयार की तथा मौके पर ही दुकान को सील किया गया व आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई गई। एक जागरूक नागरिक सुचना आधार पर कंप्लेंट जो हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यलय द्वारा प्राप्त हुई थी कि विनोद कुमार पुत्र माम राज निवासी पिलनी तहसील पुंडरी जिला कैथल का है और वह संगमेश्वर मेडिकोज, ओल्ड बाइपास बलराज नगर, कैथल में नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। इस सूचना के आधार त्वरित कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो करनाल प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार की टीम एवं डीसीओ चेतन वर्मा, कैथल के नेतृत्व में उपरोक्त मेडिकल स्टोर पर पहुंची थी।

# थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने 117 ग्राम गांजा किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ के दिशाझनिदेर्शों में महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा जिला भर में अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित एक आरोपित विकास वासी कृष्णा कॉलोनी महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार किया और उससे 117 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपित के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए टीमों को अपनेझअपने क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिनके तहत थाना शहर महेंद्रगढ़ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित को नशीले पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार कर 117 ग्राम गांजा बरामद किया। थाना शहर महेंद्रगढ़ की टीम गश्त के दौरान मसानी चौक महेंद्रगढ़ पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि विकास वासी कृष्णा कॉलोनी महेंद्रगढ़ अपनी दुकान के बाहर गांजा बेच रहा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपित को गांजा सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना पर टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रेड की, जहां से एक व्यक्ति को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विकास उपरोक्त बतलाया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से बरामद पॉलिथीन से नशीला पदार्थ गांजा मिला। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना शहर नारनौल में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवा पीढी को नई दिशा मिली: पोसवाल

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**जिला स्तरीय तीन** दिवसीय गीता महोत्सव का समापन समारोह शिवाजी स्टेडियम के खेल ग्रांउड में हुआ। इस दौरान नगराधीश टिनू पोसवाल ने पानीपत जिला के आमजन का धन्यवाद देते हुए और प्रशंसा करते हुए कहा कि गीता महोत्सव के तहत नागरिकों ने जिस तरीके से बढ़चढ़ कर भाग लिया है, उससे ज्ञान व आस्था की परम्परा से जुड़ी युवा पीढी को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि महान संतों की बदौलत आज हिन्दू समाज आगे बढ़ा है और हमें समाज को नई दिशा देने वाले संतों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी

**खरखौदा/सोनीपत/हरियाणा/**
**सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के सांपला** रोड पर स्थित हैरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा के खिलाड़ी 25वीं राष्ट्रीय स्काय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में छाए। चैयरमैन अनीश दहिया एवं प्रिंसीपल सुमित दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 से 9 दिसंबर तक ओलंपिक भवन, पंचकूला, हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्काय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में उनके स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने बताया कि स्काय फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 26 राज्यों के 945 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता



का उद्घाटन भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री माननीय पद येसो नाइक के प्रतिनिधि सिद्धेश श्रीपाद नाइक ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हरियाणा ओलंपिक के सचिव नीरज भी इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि खरखौदा स्थित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के 8 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उनके स्कूल खिलाड़ियों ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने स्कूल, जिले और राज्य का नाम रोशन किया। अगर बात विजेता खिलाड़ियों की करी जाए तो अंडर 11 गर्ल्स में दिव्या 24 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल, अंडर 11 बॉयज में जय 30 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, अंडर14 गर्ल्स में सिद्धि 41 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मैडल, और सनाया ग्रुप डबल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल के साथ साथ अंडर 14 बॉयज मे अर्जुन 49 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मैडल, अंडर 18 बॉयज में विशाल ओपन वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल प्राप्त किये है। प्रतियोगिता से लौटने पर हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा में सभी का खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के अध्यक्ष अनीश कुमार, प्रिंसिपल सुमित राणा, और कोच अमित आर्य ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया।

# जिंदगी खूबसूरत है.. समेत कई गीतों पर बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एसएमएस** मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव को आगाज जागृति का नाम दिया गया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल और विद्यालय प्रधानाचार्या डा. विभा कौशिक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका के माध्यम से समाज में बढ़ रहे साइबर क्राइम से बचने तथा उन्हें रोकने के लिए समाज को जागरूक किया गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतियों में सरस्वती वंदना, शब्द गायन, महिला सशक्तिकरण, गरबा, भांगड़ा आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक सूरत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होती रहनी चाहिए।

छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है।

# विधायक कृष्णा ने नगर शोभा यात्रा को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई की विधायक कृष्णा** गहलावत ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को महाभारत युद्ध में दिए गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाकर हम सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। गीता का ज्ञान वर्तमान समय में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत काल में था। गीता के संदेश में श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा है कि संसार में केवल आत्मा अजर-अमर है तथा मनुष्य के साथ केवल अच्छे कर्म ही साथ चलते हैं। राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के जिला स्तरीय समारोह के तीसरे दिन स्थानीय



सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर से नगर शोभा यात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने गीता पालकी में स्थापित गीता की पूजा की। इस भव्य नगर शोभा यात्रा में जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की लगभग 25 से अधिक झांकियों, बैंड व डीजे पर बजने वाले गीतों ने शहरवासियों को गीता के उपदेश व शखेकों परिचित करवाया ताकि हर व्यक्ति उनको अपने जीवन में उतारे। नगरवासियों ने पालकी पर सजी श्रीमद्भगवद् गीता को नमन करते हुए गीता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। नगर शोभा यात्रा सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर से शुरू होकर डीएवी स्कूल, सेक्टर-14 की मार्किट, गांधी चौक, बस स्टैण्ड के सामने होते हुए, मामा भांजा चौंक, गीता भवन चौक, गोहाना रोड़ फ्लाईओवर, ककरोई चौक, तिरंगा चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश रेणुका नांदल व डीआईपीआरओ राकेश गौतम भी मौजूद रहे। गीता की पालकी से गीता को मंच पर स्थापित किया गया।

नगर शोभा यात्रा की झांकियों में गणेश, भगत सिंह, भारत मां, श्री कृष्ण, गीता पालकी सहित लगभग 25 झांकियां शामिल थी। यात्रा में संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त एनसीसी एवं स्काउट्स गाईड के बच्चे भी शामिल रहे। इस मौके पर मोहन सिंह मनोचा, शशिकरण नासा, नरेन्द्र भुटानी, प्रवीण वर्मा, संजय सिंगला, वाईके त्यागी, रविन्द्र सरोहा, सुरेश कालरा, योगेन्द्र सरोहा, दिनेश तनेजा, ऊषा भंडारी, मदनलाल तनेजा, सुभाष अरोड़ा, पवन तनेजा, हवा सिंह, बीआर आहुजा, रोहित आहुजा, मनोज डिंबला, जयवीर गहलावत, प्रमानंद बत्रा, पवन तनेजा, प्रेम गौतम, आचार्य वेद निष्ठद्द, जगत सिंह, सहित जिला के सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बाल रोग विशेषज्ञ डा.एन के मित्तल को सम्मान मिलने पर चिकित्सकों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नई** दिल्ली के ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सोनीपत के मित्तल निर्सिंग होम के बाल रोग विशेषज्ञ डा. एन के मित्तल को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 से नवाजा गया। मुख्यातिथि डा. गजेन्द्र ने डा. को सम्मान दिया। उनके सम्मान की खुशी में गन्नौर के बाल रोग विशेषज्ञ डा. जोगेन्द्र धनखड़, समाज सेविका प्रोमिला धनखड़, अजय यादव आदि ने उन्हें बधाई दी। वहीं डा. एन के मित्तल ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि




ऐसे समारोह में सम्मान मिलना बहुत खुशी की बात है। बदलाव ला रहे अन्य अविश्वसनीय व्यक्तियों के साथ मेरे प्रयासों को पहचाना जाना वास्तव में प्रेरणादायक था। बाल रोग विशेषज्ञ डा. एन के मित्तल ने आरती मल्होत्रा आदि का आभारत जताया। डा. मित्तल ने कहा कि इस तरह के अभिनंदन हमें समर्पण के साथ देश की सेवा करने के महत्व की याद दिलाते हैं। ऐसे क्षण मेरी कड़ी मेहनत करने और अधिक योगदान देने की प्रेरणा देते हैं।

## संपादकीय

# विपक्षी दल मतदाताओं से हार जाते हैं, दोष ईवीएम को

**पहले**, गांधी परिवार की कांग्रेस के लिए हर चुनाव में भारी बहुमत पाना सहज प्रक्रिया थी, लेकिन अब राहुल गांधी और अन्य वंशवादी दलों के लिए चुनाव जीतना एक दुःस्वप्न बन गया है। बढ़ती साक्षरता दर, राष्ट्रीय चिंताओं की बढ़ती समझ और कांग्रेस का असली चेहरा हमारे अद्भुत देश के लोगों को दिखाई दे रहा है। हालाँकि, गांधी परिवार और वंशवादी राजनीतिक दल वास्तविकता को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं। वे मानते हैं कि राज्यों और राष्ट्र पर शासन करना उनका जन्मजात अधिकार है और जब 2014 के बाद से ऐसा नहीं हुआ है, तो वे तथ्यों पर विचार किए बिना तकनीकी रूप से बेहतर चुनावी प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों को दोष देते हैं। महाराष्ट्र के मारकड़वाड़ी गाँव में मतपत्र से मतदान को लेकर जो नाटक हुआ, वह डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान है। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को स्वार्थी कारणों से संविधान का अनादर करने का अधिकार नहीं है।

**ईवीएम हैक क्यों नहीं किया जा सकता**

अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो क्या सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली कांग्रेस ने पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से जीतने दिया होता? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है तो भाजपा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 या उससे अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही थी, उसे केवल 240 सीटें ही क्यों मिलीं, जो 272 सीटों के साधारण बहुमत से भी कम है? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू कश्मीर में इतने बड़े अंतर से क्यों हारी। ये भाजपा के जीतने के लिए महत्वपूर्ण राज्य हैं। तार्किक रूप से, अगर हम इन सभी तर्कों पर विचार करते हैं, तो इंडी गठबंधन की झूठी कहानी विफलता को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होती है।

**ईवीएम को अपनाना क्यों आवश्यक था**

1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालाँकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरूआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी और यह एक पर्यावरण को हानि करने वाला और गैर-पर्यावरणीय तरीका था। 2017 में जब भारत के चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से ईवीएम मशीनों की हैकिंग या छेड़छाड़ साबित करने को कहा तो कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर पाया, जिससे यह साबित हो गया कि चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोप महज मतदाताओं को धोखा देने और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में विश्वास की कमी पैदा करने का नाटक है।

# कल अतीत है, कल भविष्य है लेकिन आज एक उपहार है



सुनील कुमार महला

"सबकुछ समय के हाथों में है। एकबार जब समय निकल जाता है तो लौटकर वापस नहीं आता। समय अनवरत चलता ही रहता है और कभी रूकता नहीं है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हमेशा समय के प्रति जागरूक और सचेत रहें। हमें यह चाहिए कि हम कभी भी अपने समय को जाया या व्यर्थ न करें। समय की महत्ता कितनी है, यह हम इन बातों से सहज ही समझ सकते हैं जैसे कि एक साल की कीमत उस विद्यार्थी से पूछिए जो कि एक्जाम में फेल हो गया है। इसी तरह से 1 महीने की कीमत उससे पूछिए जिसे पिछले महीने की सैलरी ना मिली हो। इसी प्रकार से एक हफ्ते की कीमत हास्पीटल में दिन बिताने वाले से, एक दिन की कीमत सारा दिन भूखा रहने वाले से, एक घंटे की कीमत किसी का इंतजार करने वाले से, एक मिनट की कीमत ट्रेन मिस हो जाने वाले व्यक्ति से तथा एक सैंकड की कीमत ओलंपिक में मेडल जीतने वाले से पूछनी चाहिए, जिसने कि मात्र एक सैंकड के लिए मेडल को खो दिया"

**किसी कवि** ने समय के बारे में क्या खूब कहा है -'समय-समय की वार्ता, समय-समय का फेर। समय लगा दे ठाठ-बाट, जाते न लागे देर।' इसलिए जीवन में मनुष्य को यह चाहिए कि वह सदैव समय की कद्र करे। मनुष्य जीवन में समय का बहुत बड़ा महत्व है। रविन्द्र नाथ टैगोर जी ने समय के बारे में कहा है कि -' तितली महीनों को नहीं बल्कि क्षणों को गिनती है और उसके पास पर्याप्त समय होता है।' समय के महत्व को लेकर ही कहा गया है -'आछे दिन पाछे गए, हरि से किया न हेत।अब पछताए होत क्या, चिड़िया चुग गयी खेत।।' कहना गलत नहीं होगा कि समय मनुष्य जीवन का सबसे अनमोल और बेहतरीन उपहार है। समय से बलवान कोई नहीं , परंतु यह जानते हुए भी हम इसे बर्बाद करते रहते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि इस जीव-जगत में सबकुछ समय पर निर्भर करता है। हम चाहें यह बात मानें या नहीं मानें, लेकिन समय से पहले कुछ भी नहीं होता। यदि मनुष्य के पास समय नहीं तो उसके पास कुछ भी नहीं है। वैसे ईश्वर ने सबको समान समय दिया है। आदमी को कुछ कर गुजरने के लिए समय को निकालना पड़ता है। जीतने वाले, आगे बढ़ने वालों के पास, सफलता प्राप्त करने वालों के पास कोई अलग से समय नहीं होता है। सभी के पास चौबीस घंटों का समय होता है, अब यह मनुष्य पर निर्भर करता है कि वह अपने समय का मैनेजमेंट कैसे, कब, कहां और क्यों करता है ? हमें यह चाहिए कि हम समय का मैनेजमेंट करें, क्यों कि समय की बबार्दी हमारे भविष्य को बर्बाद कर देती है। जोएल ओस्टीन कहते हैं -' जीवन उड़ता जा रहा है। आपके पास नकारात्मक, नाराज या कड़वा होने में एक मिनट भी बर्बाद करने का समय नहीं है। अगर किसी ने आपके साथ गलत किया है, तो उसे भूल जाएँ और आगे बढ़ें।' समय प्रबंधन हमें अनुशासन और धैर्य सिखाता है। यह हमें सिखाता है कि किस प्रकार अपने कार्यों को प्राथमिकता देकर हम अपने जीवन को सुव्यवस्थित और सुंदर बना सकते हैं। समय का सही उपयोग व्यक्ति को जीवन में सफल बनाता है। इसलिए वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम समय के साथ हर पल संवाद करें। यानी कि हमें हर पल-हर क्षण को पूरी जागरूकता के साथ जीना चाहिए, क्योंकि जब हम जागरूक होते हैं, तो समय की कीमत को बेहतर समझते हैं।चार्ल्स बक्सटन कहते हैं-'आपको कभी भी किसी भी चीज के लिए समय नहीं मिलेगा। अगर आपको समय चाहिए तो आपको इसे बनाना होगा।' यह समय ही है जो हमें धन, समृद्धि और खुशी प्रदान करता है।




**कल अतीत है, कल भविष्य है, लेकिन आज एक उपहार है। इसीलिए इसे वर्तमान कहा जाता है।'कहना गलत नहीं होगा कि समय का सही प्रबंधन ही जीवन का सही मार्गदर्शन है।जॉर्ज हर्बर्ट समय के बारे में क्या खूब कहते हैं -'इंतजार मत करो; समय कभी भी 'बिल्कुल सही' नहीं होगा**

सबकुछ समय के हाथों में है। एकबार जब समय निकल जाता है तो लौटकर वापस नहीं आता। समय अनवरत चलता ही रहता है और कभी रूकता नहीं है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हमेशा समय के प्रति जागरूक और सचेत रहें। यदि हम समय के प्रति जागरूक हैं तो इसका मतलब यह है कि हम अपने जीवन के प्रति भी जागरूक हैं। हमें यह चाहिए कि हम कभी भी अपने समय को जाया या व्यर्थ न करें। समय की महत्ता कितनी है, यह हम इन बातों से सहज ही समझ सकते हैं जैसे कि एक साल की कीमत उस विद्यार्थी से पूछिए जो कि एक्जाम में फेल हो गया है। इसी तरह से 1 महीने की कीमत उससे पूछिए जिसे पिछले महीने की सैलरी ना मिली हो। इसी प्रकार से एक हफ्ते की कीमत हास्पीटल में दिन बिताने वाले से, एक दिन की कीमत सारा दिन भूखा रहने वाले से, एक घंटे की कीमत किसी का इंतजार करने वाले से, एक मिनट की कीमत ट्रेन मिस हो जाने वाले व्यक्ति से तथा एक सैंकड की कीमत ओलंपिक में मेडल जीतने वाले से पूछनी चाहिए, जिसने कि मात्र एक सैंकड के लिए मेडल को खो दिया। समय को 'काल' भी कहा गया है। संस्कृत में क्या खूब कहा गया है कि -'कालः पचति भूतानि कालः संहरते प्रजाः। कालः सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रमः।।' अर्थात तात्पर्य यह है कि-'काल सभी जीवो को निपुणता प्रदान करता है। वही सभी जीवो का संहार भी करता है। वह जागता रहता है जब सब सो जाते है। काल को कोई जीत नहीं सकता।' बहरहाल, समय के बारे में हमें यह भी अपने जेहन में रखना चाहिए कि समय कभी भी एकसा नहीं रहता है। यह सदैव बदलता रहता है। कभी अच्छा तो कभी खराब। इसलिए खराब समय में दुखी नहीं होना चाहिए और अच्छे समय में बहुत अधिक खुश होने की जरूरत नहीं है। बस समय के साथ सहजता से चलते रहना चाहिए। एक बात यहां पाठकों को कहना चाहूंगा कि हम अक्सर मुश्किल समय में खुद को सांत्वना देने के लिए यह कहते हुए सुनते हैं कि ह्लयह भी बीत जाएगाह्व, लेकिन हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि यही वो पल होते हैं( यही वह समय होता है) जब हम सच में जीवन में आगे बढ़ते हैं, मजबूत होते हैं और विकसित होते हैं। समय के बारे में टिमोथी फेरिस कहते हैं-'किसी दिन' एक बीमारी है जो आपके सपनों को आपके साथ कब्र में ले जाएगी।'इस संसार में सबकुछ समय के अनुसार बदलता है क्योंकि, समय से कुछ भी स्वतंत्र नहीं है।हमें समय के महत्व को समझ कर उसका रचनात्मक ढंग से प्रयोग करना चाहिए, ताकि समय हमें समृद्ध, हमारे जीवन को खुशहाल करें। समय हमारे जीवन का सबसे मूल्यवान संसाधन, जिसे न तो संचित किया जा सकता है और न ही पुनः प्राप्त किया जा सकता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि समय का सदुपयोग सफलता की कुंजी है, जबकि इसका दुरुपयोग असफलता और पछतावे का कारण बनता है। समय का सही सदुपयोग हमें हमारे लक्ष्यों व मंजिल तक पहुंचाता है। बिल कीन कहते हैं कि -' कल अतीत है, कल भविष्य है, लेकिन आज एक उपहार है। इसीलिए इसे वर्तमान कहा जाता है।'कहना गलत नहीं होगा कि समय का सही प्रबंधन ही जीवन का सही मार्गदर्शन है।जॉर्ज हर्बर्ट समय के बारे में क्या खूब कहते हैं -'इंतजार मत करो; समय कभी भी 'बिल्कुल सही' नहीं होगा। आप जहां खड़े हैं, वहीं से शुरू करें और अपने पास मौजूद किसी भी साधन के साथ काम करें, और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, बेहतर साधन मिलते जाएंगे।' अंत में, यही कहूंगा कि हमें समय का हमेशा सम्मान करना चाहिए, क्यों कि समय ही जीवन की सच्ची पूंजी है।फ्रैंकलिन फील्ड ने क्या खूब कहा है कि -'सफलता और असफलता के बीच की महान विभाजक रेखा को पाँच शब्दों में व्यक्त किया जा सकता हैः 'मेरे पास समय नहीं था।'

## कविता

किस्मत हुई बेवफा तो क्या हुआ,
हाथों में कुछ नहीं तो क्या हुआ ।

रंजो गम ने दी है परवरिश मौजू ,
किसी को नहीं चाहत तो क्या हुआ ।

ऊंचाई से गिरने का हमें खौफ नहीं.
चोट दिल में ही लगी तो क्या हुआ।

उनको तो शौक है महलों में रहने का,
हम वीरानों के शौकीन तो क्या हुआ।।

हमें नही चाहिए ये महल और जागीर,
बट गई दौलत फकीरों में तो क्या हुआ।

हमें न रास आते शेरवानी और दुशाले,
पत्थर के बिझौनों में सोए तो क्या हुआ।

बांट दो सारी रोशनी अक्ल के अंधों को।
हमें अंधेरे ही रास आते हैं तो क्या हुआ।

न करो सियासत हम फकीरों से अब,
वतन परस्ती खून में हैं तो क्या हुआ।

मेरी तारीफ करके वक्त जाया न करो
हकीकत हमारी आदत है तो क्या हुआ।

खुदा का करम बना है रहम की तरह,
हाथ कभी नही फैलाया तो क्या हुआ।

संजीव

## जलवायु परिवर्तन और चुनौतियां

**डॉ.सत्यवान सौरभ**

**जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत का सह**-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है, जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आम तौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालाँकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालाँकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्त्व को देखते हुए, यह महत्त्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहाँ जरूरत हो, एकीकृत नीतियाँ विकसित की जा सकें। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता हैः भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है, जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुँच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है। पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

## विचार

# बाल साहित्य की बढ़ती उपेक्षा

**कृष्ण कुमार**

**अक्सर** लोगों को कहते सुना है कि बाल साहित्य भी कोई साहित्य है परंतु हमारी समझ में ऐसा कहते वही लोग हैं जिन्हें साहित्यिक क्षेत्र में कोई ज्ञान नहीं होता। ऐसा कहने वाले जरा ध्यान से सोचे कि वह इतने बड़े साहित्यकार क्या बिना बाल साहित्य के पढ़े ही बन गये। साहित्य की प्रथम सीढ़ी बाल साहित्य ही है। यह कहना अनुचित न होगा कि जब उन्होंने प्रथम बार लेखनी पकड़ी होगी तो क्या सीधे गीत, गजल, कहानी, उपन्यास लिखने लगे। प्रथम तो उन्हें अ से अनार, आ से आम ही लिखना पड़ा होगा जो पूर्ण रूप से बाल साहित्य है। मानता हूं कि हाथ का अंगूठा एक महान स्तंभ होता है। बगैर उसके सहारा दिए चारों उंगली कुछ करने में समर्थ नहीं होगी। उसी प्रकार बगैर उंगलियों की सहायता के अकेला अंगूठा कुछ करने में सक्षम नहीं हो सकता है। उसी प्रकार बिना बाल साहित्य के अपनाये कोई साहित्य नहीं लिखा जा सकता। बाल साहित्य आदिकाल से लिखा जा रहा है। उसके रूप भले ही अलग-अलग हों। गोस्वामी तुलसीदास ने भी अपनी पावन लेखनी द्वारा कितना अच्छा लिखा है कि - ठुमुकि चलत रामचन्द्र बाजति पैंजनियां। वहीं महान कवि सूरदास जी ने भी अपनी पवित्र वाणी में बाल साहित्य झलकाया है। मैया कबहिं बढ़ेगी-चोटी। हम बाल साहित्य नकारकर कोई भी साहित्य लिखने में सक्षम नहीं हो सकते। जरूरत है अच्छे बाल साहित्य की। जिससे हमारी भावी पीढ़ी को अच्छा ज्ञान संस्कार मिल सके। जब देश का बच्चा अच्छा संस्कारित होकर जागेगा तभी देश जागेगा। तभी हमारा राष्ट्र हिमालय की ऊंचाईयों पर पहुंचने में सक्षम होगा। बच्चे देश की धरोहर हैं परंतु हैं कच्ची मिट्टी। अब यह आपके ऊपर निर्भर करता है कि उस गीली मिट्टी से किस प्रकार की मूर्ति बनाना पसंद करते हैं। बच्चा एक दर्पण है। दर्पण के सामने जैसी आकृति आप पैदा करेंगे वहीं प्रतिबिम्ब आपको देखने को मिलेगा। इसलिए उसके सामने महाराणा प्रताप,वीर शिवाजी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि की ही आकृति पेश करें फिल्म सितारों की नहीं। बाल साहित्य बहुत अच्छे-अच्छे साहित्यकारों द्वारा लिखा जा चुका है और लिखा जा रहा है। आवश्यकता है उसके प्रचार और प्रसार की। सत्यता तो यह है कि जिनके लिए साहित्य लिखा गया और लिखा जा रहा है वह इन तक पहुंचता नहीं। कारण एक तो महंगाई दूसरी अभिभावकों की उदासीनता। पत्रिकायें इतनी महंगी है कि बच्चा आसानी से खरीद नहीं सकता। अभिभावक भी चाकलेट, आइस्क्रीम में दिन भर में पच्चीस पचास रुपए खर्च कर देंगे परंतु एक पत्रिका बच्चे को लेकर नहीं देंगे। वैसे बाल साहित्य प्रसार-प्रचार हेतु अनेक पत्र-पत्रिकायें प्रयासरत हैं परंतु यहां पर कर्तव्य बनता है अभिभावकों का कि वह अपनी दैनिक फिजूल खर्ची में कटौती कर बच्चों को अच्छी पत्रिकायें खरीदकर पढ? को दें।

कुछ पत्र-पत्रिकायें ऐसी भी हैं जिनमें ऐसी सामग्री प्रकाशित हो रही है जिससे बच्चों को कुछ लेना देना नही। यहां हमारे संपादक महानुभावों की उदासीनता झलकती नजर आती है। ऐसी-ऐसी रचनायें प्रकाशित कर रहे हैं जिनका कोई सिर पैर नहीं। इस प्रकार की रचनायें प्रकाशित करने से पत्रिका का तो स्तर गिरता ही है साथ ही बच्चों को भी कोई प्रेरणा स्त्रोत नहीं मिलता। मैं संपादक बंधुओं से अनुरोध करूंगा कि वे बच्चों को प्रेरणा से ओत-प्रोत रचनाओं को स्थान दें। साथ ही रचनाकारों से भी निवेदन करूंगा कि प्रेरणा देने वाली ही रचना रचने का प्रयास करें। आज का बच्चा कल का महान साहित्यकार बन सकता है। आज आम आदमी का कहना है कि आजकल के बच्चे मां-बाप की सेवा नहीं करते। जरा गहरी नजर से देखें इसमें गलती किसकी है। जब आपने बच्चे के अंदर मां-बाप की सेवा करने के संस्कार भरे ही नहीं फिर आप मां बाप की सेवा की अपेक्षा क्यों करते हैं। पहले आप बच्चे के अंदर वह संस्कार भरने का प्रयास करें जिनकी आपको बच्चे से अपेक्षा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों से आखिर किस बात का बदला?

**अमरपाल सिंह वर्मा**

**चार** महीने पहले बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के खिलाफ जो गुस्सा था, वह हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद से हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर उतर रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ आक्रोश के कारण कई कारण हो सकते हैं, बांग्लादेशी अवाम की हसीना सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी भी समझ में आ सकती है पर बड़ा सवाल है कि वहां हिंदुओं और उनके मंदिरों से किस बात का बदला लिया जा रहा है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले कोई नई बात नहीं है। बीते समय में समय-समय पर ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। 2016 में कट्टरपंथी इस्लामी गुटों ने बांग्लादेश में पन्द्रह मंदिर तोड़ डाले थे और सौ से ज्यादा हिंदुओं के घरों को तोड़ डाला गया था। 2022 में भी वहां मंदिरों को निशाना बनाया गया। पिछले कई दिनों से वहां मंदिर तोड? का सिलसिला चल रहा है। हाल में ढाका में इस्कॉन मंदिर और वहां विराजित भगवान श्रीकृष्ण और भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमाओं को पेट्रोल डाल जला देने की घटना झकझोर देने वाली है।

ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब पाकिस्तान की सीमा हैदर भारत के सचिन के प्यार में पड़ कर भारत आ गई तो इसका बदला पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचा कर लिया गया। सीमा की करतूत का बदला पाकिस्तान में सिंध के काशमोर में हिंदू मंदिरों पर रॉकेट लॉन्चर से हमले कर लिया गया। तब मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। कराची में भी डेढ़ शताब्दी पुराने हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया।

पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले कोई नई बात नहीं है। जब से पाकिस्तान की नींव पड़ी है, तब से वहां के हिंदू मंदिर कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। भारत से किसी भी नाराजगी का प्रतिशोध मंदिरों को ध्वस्त करके लिया जाता है। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद वहां अनेक मंदिर ढहा दिए गए। हालत यह है कि दुनिया में कहीं कुछ भी हो, पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू मंदिर आ जाते हैं।

## नेता जी का विकास पर्व

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गांव के** एक छोटे से चौपाल पर सुबह-सुबह हलचल मच गई। गांव के बुजुर्गों, बच्चों, नौजवानों और औरतों में अजीब-सी उत्सुकता थी। आखिर हो भी क्यों ना? आज गांव में खुद माननीय नेता जी आने वाले थे। ये वही नेता जी थे जो चुनाव से ठीक पहले धरती पर पधारते थे और फिर अगली पंचवर्षीय योजना में कहीं गुम हो जाते थे।

नेता जी को लेकर गांव वालों के बीच चचार्एं गरम थीं। कोई कहता, नेता जी बहुत काम कर रहे हैं, सारा देश बदल रहा है, तो कोई बोलता, हां, हमारे गांव में भी पिछले चुनाव में उन्होंने दो पेड़ लगवाए थे, और इस बार सुना है कि वो तिनका-तिनका विकास करने का प्लान लेकर आए हैं। थोड़ी देर में धूल उड़ाती गाड़ियों का काफिला चौपाल के पास आकर रुका। चार-चार बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड उतर कर चौकस हो गए। उसके बाद बेशकीमती सूट-बूट में नेता जी उतरते हुए दिखाई दिए। गांव वालों की भीड़ में से किसी ने धीरे से कहा, देखो, इनकी पोशाक से ही पता चलता है कि कितने महान नेता हैं हमारे! नेता जी मंच पर चढ़े और एक जोरदार भाषण शुरू किया, मेरे प्यारे गांववासियों, आप सब जानते हैं कि मैं जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहता हूं। मुझे कोई निजी स्वार्थ नहीं है। मैं जनता के सुख-दुख का साथी हूं। मुझे जनता की समस्याओं से गहरी सहानुभूति है। गांव वाले भौचक्के होकर नेता जी की बातों को सुन रहे थे, और एक-दूसरे से इशारों में पूछ रहे थे, यह सहानुभूति कौनसी जगह है? नेता जी ने अपनी बात जारी रखी, हमने पिछले कार्यकाल में गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए। हमने जनता के सपनों को हकीकत में बदलने का वादा किया था, और वही करने का प्रयास कर रहे हैं। इतने में गांव के एक उत्साही युवक ने सवाल कर दिया, नेता जी, आपने जो करोड़ों खर्च किए, वो दिख क्यों नहीं रहे? नेता जी ने बिना हिचकिचाए जवाब दिया, अरे बेटा, तुम लोगों की आंखें विकास देखने के लिए थोड़ी कमजोर हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार जल्द ही आपकी आंखों का भी इलाज कराए ।

## न्यूज फ्लैश

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में पिकअप ने** बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना शेखुपुरा गांव के बस अड्डे के पास की है। गांव शेखपुरा निवासी अमृतपाल सिंह 11 दिसंबर को गांव के बस अड्डे पर खड़ा था। अमृतपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसका 60 वर्षीय ताऊ बलविंद्र सिंह अपने काम से घर की तरफ लौट रहा था। ताऊ बाइक पर थे। शाम करीब सवा पांच बजे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बलबिन्द्र सिंह का सिर सड़क पर जा लगा। अमृतपाल सिंह ने बताया कि मैंने भाग कर अपने ताऊ को उठाया। ताऊ बेहोश थे और गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। आरोपी पिकअप ड्राइवर मौके से फरार हो गया, लेकिन मैंने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया गया। उसने बताया कि ताऊ को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। वह अपने ताऊ को करनाल के प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचा, जहां पर आज सुबह ताऊ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हिमाचल के कालाश गांव निवासी मुज्जफरदीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। असंध थाना में जांच अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि बुजुर्ग बलविंद्र की बाइक को टक्कर मारी गई थी, जिसकी वजह से बलविंद्र की मौत हो गई।

### समाधान शिविर में आई शिकायतों का मौके पर किया जा रहा समाधान: उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। हरियाणा सरकार** के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में दस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो शिकायतों का निपटारा कर दिया गया और आठ शिकायतें लंबित हैं। इंद्री उपमंडल में दो शिकायत प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। घरौंडा उपमंडल में दो शिकायतें प्राप्त हुई, जो अभी लंबित है। उपमंडल असंध व नीलोखेड़ी में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

### कुलदेवी श्री महालक्ष्मी माता के मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में होगा महायज्ञ का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। देश एवं विदेश के** दस करोड़ अग्रवाल समुदाय के लोगों की आस्था का केन्द्र अग्रोहा धाम विकास के नए आयाम छू रहा है। वर्तमान हरियाणा सरकार भी अपना पूरा सहयोग इस काम में दे रही है। इसी कड़ी में हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा भी जल्द ही शुरू होने जा रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा जोकि समुदाय की सबसे बड़ी संस्था है। अग्रोहा शक्तिपीठ नाम से भव्य धाम निर्मित किया जा रहा है, जिसमें 100 करोड़ की लागत से कुलदेवी श्री महालक्ष्मी माता का मंदिर निर्माण होने जा रहा है। इसी संदर्भ में अग्रवालो के 18 गोत्रों से सम्बद्ध 18 कुंडीय महायज्ञ 11 से 15 दिसम्बर तक अग्रोहा शक्तिपीठ में सम्पन्न होने जा रहा है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सह प्रवक्ता राजेश सिंगला ने बताया कि दक्षिण भारत के प्रकांड विद्वान ब्राह्मण व आचार्य सवा करोड़ मंत्रों की आहुति से महालक्ष्मी का पूजन करेंगे।

# जयराम विद्यापीठ में देर रात्रि तक चला भव्य हास्य कवि सम्मेलन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : श्री जयराम विद्यापीठ** में गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर हर वर्ष भव्य हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर जयराम विद्यापीठ परिसर में श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं के दिलों को खूब गुदगुदाया। इस मौके पर हास्य कवि सम्मेलन का आनंद लेने के लिए हरियाणा सरकार में राज्यमंत्री राजेश नागर, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा सहित विख्यात कथा वाचक संजीव कृष्ण ठाकुर भी मौजूद रहे। विद्यापीठ में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में



पंडाल लोगों से खचाखच भरा रहा। देर रात्रि तक चले हास्य कवि सम्मेलन में विष्णु सक्सेना, डा. प्रवीण शुक्ल, हेमंत पांडेय, गोविंद राठी, पदिनी शर्मा, अनिल अग्रवंशी इत्यादि देश के विख्यात हास्य कवियों ने काफी रोचक रचनाएं सुनाई। हास्य कवियों का विधिवत स्वागत किया गया। हास्य कवि सम्मेलन का मंच संचालन अनिल अग्रवंशी ने किया। हास्य कवि अनिल अग्रवंशी ने तो अपनी रचनाओं में ठेठ हरियाणवी अंदाज में जहां सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों में कटाक्ष किए वहीं गीता की महत्ता पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी को हंसाने की कला ही जीवन की वास्तविक कला है। आज जीवन में तनाव तो कहीं से भी ले लो। कानपुर से आए कवि हेमंत पांडेय ने भी अपनी रचनाओं में जहां पारिवारिक संबंधों पर व्यंग्य किया। वहीं वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों की भावनाओं के साथ पति पत्नी के संबंधों पर कटाक्ष किए। महिला कवयित्री पदिनी शर्मा ने बहुत ही मार्मिक रचनाएं प्रस्तुत की। उन्होंने दिल, आत्मा और भगवान से संबंधों को बहुत ही सुंदर अंदाज में प्रस्तुत किया। महिला भावनाओं को रचना में बेहतरीन एवं दिल को छू जाने वाले अंदाज में प्रदर्शित किया। कवि गोविन्द राठी ने तो राष्ट्रीयता एवं भारतीय संस्कृति से अपनी रचनाओं की शुरुआत की। मोबाइल से प्रभावित हो रहे जीवन एवं सामाजिक व्यवस्था को खतरे पर चिंता व्यक्त की। साथ ही महिलाओं की इज्जत व समाज पर चिंता की। कवि प्रवीण शुक्ल ने तो धर्म संस्कृति के साथ बीते समय में मानवीय भावनाओं एवं रिश्तों की परिस्थितियों को अपनी रचनाओं में रखा।

### मुख्यमंत्री का करनाल हवाई पट्टी पहुंचने पर विधायक ने किया स्वागत



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी गुरुग्राम से कुरुक्षेत्र जाते समय थोड़ी देर के लिए करनाल हवाई पट्टी पर रूके। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ता का हालचाल जाना और अन्य लोगों से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, हरियाणा राज्य दिव्यांग जन कल्याण सोसायटी की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व एसडसी संजय बठला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, व्यापार मंडल के पदाधिकारी कृष्ण लाल तनेजा सहित भाजपा नेता व पार्टी कार्यकर्ता ने पुष्प गुच्छ के साथ किया स्वागत। वहीं जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस मौके पर एसपी गंगाराम पूनिया, भाजपा पदाधिकारी रघुमल भट्ट, राज सिंह गोदारा, अमृत लाल जोशी, पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, बलबीर कम्बोज, मदन सोढी, संकल्प भंडारी, एडवोकेट जसपाल वर्मा, नवीन कुमार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण पत्र व सिलाई मशीनों की वितरित : इरम हसन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन वीरवार को एमडीडी बाल भवन पहुंची। यहां उन्होंने उपस्थित बच्चों व महिलाओं को उनके अधिकारों, मुफ्त कानूनी सेवाओं व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 बारे जानकारी दी। असहाय महिलाओं को करवाए 9 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र व सिलाई मशीनें वितरित की गई।

# पोट बनाकर कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव में सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अहम पहलू यह है कि वेस्ट लकड़ी से पोट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया गया। अहम पहलू यह है कि सहारनपुर से आए शिल्पकार जावेद पिछले 10 सालों से महोत्सव में अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच रहे है। ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है।



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और क्राफ्ट मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के सार को खुद में ही बयां कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर सहारनपुर से आए जावेद ने महोत्सव में स्टॉल नंबर 255 पर अपनी शिल्पकला को रखा है। उन्होंने बातचीत करते हुए बताया कि वे अपने साथ लकड़ी का बना साज्जों-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है तथा इसको बनाने में कम से कम 2 से 4 दिन का समय लगता है तथा अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष आते है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर इस अद्भुत शिल्पकला ने एक अनोखी छाप छोड़ी है,

महोत्सव में दूर दराज से आए शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला से ब्रह्मसरोवर का पावन तट सज चुका है। वर्ष 2023 के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों ने लाखों रुपए का समान खरीदा था। इस बार भी अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है।

### गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों द्वारा हवन यज्ञ संपन्न करवाया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : मार्गशीर्ष शुक्ल** एकादशी 2081 तद्नुसार 11 दिसंबर 2024 अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के शुभावसर पर आज, श्रीमद्भगवद्गीता के 14 वें अध्याय के श्लोकों के द्वारा कुरुक्षेत्र धाम के पावन पवित्र ब्रह्म सरोवर पर श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों और आचार्यगण के द्वारा यज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें यजमान के रूप में विश्व हिंदू परिषद के मंदिर अर्चक पुजारियो के समन्वय के केंद्रीय सह मंत्री अरुण कुमार नेहटे, यजमान के रूप में विराजमान रहे विश्व हिंदू परिषद के हरियाणा प्रांत के मंदिर अर्चक पुजारी समन्वय प्रमुख प्रेम नारायण अवस्थी मुख्य वक्ता के रूप में गृगल बॉय कौटिल्य के दादा व पूर्व प्रिंसिपल जय किशन शर्मा का उद्बोधन छात्रों के तथा सभी अतिथियों के लिए अति प्रेरणादाई रहा। परशुराम मेडिकल कॉलेज ब्राह्मणवास गोहाना के प्रबंध समिति के सदस्य देवेंद्र शर्मा, भारत सर्वोत्तम संघ के स्वामी दिव्य जनार्दन , गीता मर्मज्ञ मनीषी पंडित कृष्ण चंद पठानकोट पंजाब, विद्यालय के पुरोहित सतीश शास्त्री तथा लाजपत छात्रावास के संरक्षक राजकुमार राणा पूरे समय यज्ञ में उपस्थित रहे।

# भाई से तंग आकर किसान ने की आत्महत्या, पहले वीडियो बनाया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के बटेहड़ी** गांव में एक किसान ने ट्यूबवेल के कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले मृतक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी डाला, जिसमें उसने अपने ही भाई पर पैसों के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान गांव बटेहड़ी निवासी राम सिंह के रूप में हुई है, जो खेती बाड़ी का काम करता था। मृतक के बेटे अखिल ने बताया कि मेरे ताऊ श्याम लाल का मेरे पिता राम सिंह के साथ पैसे का कोई लेन-देन था। मेरा ताऊ मुझे शाम के समय स्कूल में मिला था और उसने मुझसे मेरे पिता जी के बारे में पूछा था और बताया था कि मुझे तुम्हारे पिता से पैसे लेने हैं। जब घर जाओ तो फोन पर मेरी बात करवा देना। अगर मेरे पैसे नहीं दिए तो मैं तुम्हारी आधी एकड़ जमीन ले लूंगा। मैं घर गया तो मेरे पिता वहां नहीं थे। मैंने पिता को फोन किया तो फोन बंद आ रहा था। अखिल ने बताया कि शाम को 7 बजे मेरे पास मेरे पिता जी का कॉल आया और मैंने उनको ताऊ वाली बात बताई। मेरे पिता ने मुझे बताया कि मैंने उसको 9 लाख के 24 लाख रुपए दे दिए हैं। वह बिना बात के पैसे मांग रहा है। इतनी बात होने के बाद फोन काट दिया। मुझे पता था कि पिता जी लेट आएंगे, इसलिए मैं सो गया। अखिल ने बताया कि आज जब मैं सुबह उठा तो उसे किसी पड़ोसी ने मेरे पिता का वायरल वीडियो दिखाया, जिसमें वे बोलते हुए नजर आ रहे हैं कि श्याम लाल को मैंने 9 लाख देने थे, लेकिन उसने दबाव बनाकर मुझसे 24 लाख रुपए ले लिए हैं। वह मुझसे और भी ज्यादा पैसे मांग रहा है। मेरी मौत का जिम्मेदार श्याम लाल ही है। वीडियो देखने के बाद मैंने अपने पिता पर कॉल किया, लेकिन कोई फोन नहीं उठा रहा था। मैं खेत में आया और घास काटकर वापिस चला गया था। बाद में मेरे पास ताऊ के लड़के का कॉल आया, जिसने मुझे बताया कि खेत में तुम्हारे पिता ने फंदा लगा लिया है। इंद्री थाना के एसएचओ श्रीभगवान ने बताया कि गांव बटेहड़ी में राम सिंह ने सुसाइड किया है। गांव के ही किसी श्याम लाल पर आरोप लगाया गया है, जो पैसे के लिए परेशान कर रहा था। कोई रोक भी आरोपी को दिए हुए थे, जिसके बाद उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। मरने से पहले राम सिंह ने वीडियो भी डाला है। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया है।

# जनता के लिए काम करना पहली प्राथमिकताः जगमोहन आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। विधायक** जगमोहन आनंद ने सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय पर आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि जनता के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जिस आशीर्वाद से जनता ने उन्हें चुनकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है, उनकी समस्याओं को सुनना उनका पहला दायित्व है। जगमोहन आनंद ने कैंप कार्यालय पर मौजूद आमजन की बारी-बारी से समस्याओं को सुना। उन्होंने तत्काल मौके पर



ही समस्याओं का समाधान करवाया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन हर दिन अपने अलग-अलग कामों के लिए कैंप आवास पर आते हैं। तत्काल अधिकारियों को निर्देश देता हूं, ताकि कोई समस्या न रहे। जनता की जितनी सेवा हो सकती है, उतनी सेवा करने का प्रयास करता हूं।

### बाइक स्लिप होने से व्यक्ति की हुई मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में बाइक** स्लिप होने से युवक की मौत हो गई। मृतक कारपेंटर का काम करता था और बीती रात को ढाबे पर खाना खाने के बाद अपने कमरे पर लौट रहा था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना घरौंडा के रेस्ट हाउस के पास की है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय प्रमोद के रूप में हुई है। वह बिहार के दरभंगा जिला के महापौर गांव का रहने वाला था। मृतक प्रमोद कुमार घरौंडा में ही कथूरिया होटल के पास कारपेंटर का काम करता था।

# हरविंद्र ने बनने वाले तीन रास्तों का किया शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शहर से गांव से जोड़े वाले तीन प्रमुख रास्तों का शिलान्यास किया। तीनों रास्ते लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे। उन्होंने कहा कि इन रास्तों का निर्माण होने से किसानों को बहुत लाभ होगा। लोगों की ये बहुत पुराने डिमांड थी। शीघ्र ही लोगों को इन रास्तों की सुविधा मिलेगी। हरविंद्र कल्याण ने फुरलक रोड से हसनपुर सीमा, नजदीक बीआरएम कॉलेज से गांव मलिकपुर रोड व शमशान घाट से पनोडी गांव तक जाने वाले रास्तों का शिलान्यास किया, जहां पर लोगों ने उनको



पुष्पगुच्छ भेंट कर व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिन रास्तों का आज शिलान्यास है, वे शहर के प्रमुख रास्ते है। ऐसे बहुत से विकास कार्य पाइप लाइन में है और काफी कार्यों को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वीकृति दी हुई। वे विकास कार्य आने वाले समय में शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी। कोरोना काल की वजह से विकास कार्य में रुकावट आ गई थी, लेकिन अब विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज लगभग 6 करोड़ की लागत से बनने वाले रास्तों का शिलान्यास हुआ, जिसमें फुरलक रोड से हसनपुर सीमा तक लगभग दो करोड़ 47 लाख रुपए, नजदीक बीआरएम कॉलेज में मलिकपुर रोड तक 6 लाख व शमशान घाट से पनोडी गांव तक एक करोड़ 80 लाख रुपए खर्च होंगे।

इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, सचिव रवि प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, नरेंद्र प्रजापति, पालिका अभियंता संदीप राठी, पार्षद अश्वनी राणा, जयनारायण पाल, अनुज गुप्ता, अमित गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि जयभगवान सेन, पंकज गुलाटी, सोमनाथ प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निगमायुक्त ने निर्माणाधीन सड़क की जांची गुणवत्ता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरुवार को शहर की कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल) का दौरा कर वहां की निर्माणाधीन सड़क में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता चेक करने के साथ-साथ, मौजूद पार्कों की दशा देखी और वहां स्थित एक विद्यालय की ओर से किए गए अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों की शिकायत पर भी गौर किया। कर्ण कैनाल से गुजरती जनता और वहां के दुकानदारों की सहूलियत की दृष्टि से आयुक्त का दौरा अति महत्वपूर्ण था। जैसे ही आयुक्त ने विजिट शुरू की, उन्हें देख बड़ी संख्या में दुकानदार



एकत्र हो गए और उन्होंने बारी-बारी से कई समस्याओं का जिक्र कर उनका समाधान करने की गुहार लगाई। दुकानदारों ने बताया कि कर्ण कैनाल पर स्थित गुरू हरकिशन पब्लिक स्कूल की ओर से वहां की पार्किंग पर वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है, जहां स्कूल की बसें और विद्यार्थी अपनी बाईक व स्कूटी इत्यादि पार्क करते हैं। इस पर आयुक्त ने दौरे में मौजूद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी से मामले को लेकर चर्चा की और निर्देश दिए कि वे इस जगह का ले-आउट प्लान देखकर अतिक्रमण का पता लगाएं और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। इसके पश्चात आयुक्त ने कर्ण कैनाल की पश्चिमी साईड में मुकम्मल हो चुकी सडक की गुणवत्ता चेक की। चेकिंग के दौरान सडक पर उखड़ी बजरी और कैनाल के साथ-साथ बनाई गई सोशल ड्रेन का लेवल सही न पाए जाने पर, निर्माणाधीन एजेंसी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। इसे लेकर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरी सडक की गुणवत्ता अच्छी तरह से चेक करके जो-जो खामियां मिले, उस पर तुरंत एक्शन लेकर एजेंसी पर पेनल्टी लगाएं। आखिर सडक निर्माण की जिम्मेवारी कॉंट्रेक्टर की ही है, जो भी कमियां हों, समय रहते ठीक करें। इसके बाद भी खामियां मिलें, तो इसे ब्लैक लिस्ट करने में देरी न लगाएं। दुकानदारों ने कैनाल पर मौजूद कुछ खाली प्लॉट और एक-दो जगह नागरिकों द्वारा कूड़ा डाले जाने की भी शिकायत को सुना। इस पर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि वे तुरंत वहां की सफाई करवाएं। हालांकि दुकानदारों द्वारा खाली प्लॉटों को पार्किंग में तब्दील करने की बात पर उन्होंने विचार करने का ही आश्वासन दिया। दुकानदारों ने यह भी मांग की कि कर्ण कैनाल पर बनाए गए पार्कों की जगह वाहनों के लिए पार्किंग बना दी जाए। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि हरियाली से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। सडकों के साथ-साथ पार्कों की भी जरूरत रहती है।

# स्वच्छता कहने से नहीं, बल्कि करने से आएगीः योगेन्द्र राणा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। असन्ध विधायक** योगेंद्र राणा ने स्वच्छ भारत स्वच्छ असंध को लेकर चिड़ाव ब्लॉक में गांव की स्वच्छता को सुचारू रूप से चलाने के लिए एमपी लैड स्कीम के तहत ई-रिक्शा और ट्राई साइकिल मुहैया कराने के लिए करनाल लोकसभा से यशस्वी सांसद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। उन्होंने इस अवसर पर चिड़ाव ब्लॉक के सभी 22 गांव के सरपंचों को बुलाकर उनके सफाई कर्मचारियों को ई-रिक्शा व रेहड़ि दें देकर उनको



हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा चिड़ाव ब्लॉक में एक कैंटीन और एक आधार सेंटर का निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर उन्होंने संचालकों को बुके देकर बधाई दी। योगेन्द्र राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल कहने से नहीं, बल्कि करने से आएगी। सरकार से हमारी अपेक्षाएं बहुत हैं तथा सरकार हमारी अपेक्षाओं को पूरी भी कर रही है, लेकिन स्वच्छता की अपेक्षा पूरी करने में सभी का सहयोग जरूरी है।

## न्यूज फ्लैश

### गीता जयंती उत्सव में उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा नव-दंपतियों को दिलाई जा रही शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : ब्रह्म सरोवर तट पर चल रहे गीता जयंती उत्सव में उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा लगाए गए स्टॉल नंबर 532 में संस्था द्वारा चलाए जा रहे कन्या भ्रूण-हत्या और नशा- विरोधी जन जागृति अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। संस्था द्वारा इस स्टॉल पर युवाओं को जीवन में नशा ना करने के शपथ- पत्र भरवा जा रहे हैं।*शपथ पत्र में युवाओं जावरा जीवन में न तो स्वयं नशा करने और ना ही दूसरों को नशा करने देने की शपथ ली जा रही है। इसी प्रकार मेले में घूमने आने वाले आमजन के साथ- साथ, नव - दंपतियों को कन्या भ्रूण हत्या न करने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नारायणगढ़ से आए नव- दंपति शुभम गुप्ता और अंजली गुप्ता ने संस्था द्वारा चला रहे चलाए जा रहे जन - जागृति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करना अति आवश्यक है क्योंकि किसी न किसी बहाने से युवा पथ - भ्रष्ट हो जाते हैं और नशे की दल- दल में फंसकर अपना सारा जीवन खराब कर लेते हैं। उत्थान संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि उनकी कोशिश है कि समाज में नशे के विरुद्ध एक व्यापक अभियान छेड़ा जाए* ।*इसके अतिरिक्त लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने का संकल्प भी दिलाया जाए ताकि समाज में जनसंख्या असंतुलन की खाई और गहरी ना होने पाए।अनिल वर्मा ने कहा कि यदि घर में ही बच्चों को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संस्कार दिए जाएं तो सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और सरकारों की जिम्मेवारी निभाने की क्षमता और अधिक बलवती होती है।मेला भ्रमण को सपरिवार आए टीवी फिल्म कलाकार व वर्तमान में नारायणगढ़ जिला अंबाला निवासी शुभम गुप्ता ने परिवार सहित कन्या भ्रूण हत्या व नशा विरोधी संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर भी किए।इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष अनिल वर्मा,रवि,भोला,लक्ष्मी चंद,रोहित बिंदल,सरोज गुप्ता,शुभम गुप्ता,अंजलि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं को ब्यूटी सैलून से जुड़ी तकनीकों की दी गई जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल ऐरनो जिला पटियाला की छात्राओं ने आज जावेदा ब्यूटी सैलून ग्रीन लोटस सिटी कुरुक्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल करनैल सिंह और ब्यूटी एंड वेलनेस टीचर शीला कुमार के नेतृत्व में छात्राओं को ब्यूटी सैलून से जुड़ी तकनीकों की जानकारी दी गई और उन्हें बालों की कटिंग, बालों के डिजाइन, स्किन मेकअप आदि करना सिखाया गया। स्कूल के प्रिंसीपल ने बताया कि स्कूल के छात्रों को विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने जावेदा ब्यूटी सैलून के संचालकों और स्टाफ का इस कार्य के लिए आभार भी व्यक्त किया।

# कुरुक्षेत्र में यातायात की भीड़ कम करने के लिए बनेगा बाईपास

### कुरुक्षेत्र बाईपास के लिए केन्द्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की

**स्वीकृति**

**केन्द्र सरकार ने कुरुक्षेत्र बाईपास के निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है : सीएम सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कुरुक्षेत्र बाईपास के निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है, जिसका निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस बाईपास के निर्माण से न केवल कुरुक्षेत्र निवासियों को बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा, जिससे इस पवित्र भूमि में बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर बुनियादी ढांचा सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान 48 कोस तीर्थ सम्मेलन में तीर्थ स्थलों के प्रमुख जनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, तंजानिया की पर्यटन मंत्री श्रीमती पिंडी चाना, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने 48 कोस परिक्रमा के सभी तीर्थ स्थलों के प्रमुख जनों से आग्रह करते हुए कहा कि वे आगे आएं और कुरुक्षेत्र को देश का सबसे स्वच्छ स्थान बनाने में सहयोग करें। अगर हम सब मिलकर इस कार्य में सहयोग करें तो 48 कोस में फैला यह धार्मिक क्षेत्र निःसंदेह पूरे देश में स्वच्छता के मामले में अग्रणी बन सकता है। हरियाणा में ब्रज की 84 कोस यात्रा की तर्ज 48 कोस यात्रा शुरू की जाएगी सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि ब्रज की 84 कोस यात्रा की तर्ज पर 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि स्थित तीर्थों की यात्रा भी शुरू की जाएगी । इसके अलावा कुरुक्षेत्र को भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा और पवित्र नगरी हरिद्वार से जोड़ने के लिए रेल सेवा शुरू की जाएगी। श्री कृष्णा सर्किट योजना के तहत महाभारत युद्ध से संबंधित 134 स्थलों को लगभग 175 करोड़ रुपये के अनुमानित लागत से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। गीता स्थली, ज्योतिसर में 205 करोड़ रुपये के निवेश से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का निर्माण भी किया जा रहा है।

इस अनुभव केंद्र का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया था।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमें गीता के कर्म योग को अपने जीवन में उतरने वाले कर्मयोगी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों का उद्देश्य सिर्फ नीति निर्माण करना नहीं है, बल्कि लाखों किसानों, महिलाओं और वंचितों के जीवन में बदलाव लाना है।

## विज ने रोड निर्माण कार्य को लेकर मौके पर निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने टांगरी बांध रोड से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 32-34 को जोड़ने वाली रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और रोड का निर्माण जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। विज ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड बनाने के कार्य को तेजी से पूरा किया जाए ताकि लोगों को टांगरी बांध रोड से सेक्टरों से होते हुए जीटी रोड तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सके।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान रोड के लेवल एवं अन्य पहलुओं को बारिकी से जांचा और खासकर बरसात के दिनों में पानी निकासी व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा की।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस रोड का निर्माण होने से अम्बाला छावनी के लोगों को जीटी रोड तक आने-जाने में बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। वह टांगरी बांध रोड से सेक्टरों से होते हुए जीटी रोड से आ-जा सकेंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी, पब्लिक हेल्थ, पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक करते हुए दिशा-निर्देश दिए। मच्छौंडा में रेलवे फ्लाईओवर निर्माण को लेकर उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने डीआरएम अम्बाला से भी फोन पर बात की ताकि कार्य को जल्द प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अम्बाला-दिल्ली रेलमार्ग पर रेलवे फ्लाईओवर बनने से क्षेत्रवासियों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

## ऑनलाइन ठगी करने मामले में गिरोह के दूसरे आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाई पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत ( कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम बिशन स्वरूप कॉलोनी निवासी युवक से ऑनलाइन 13 लाख 63 हजार 500 रूपए की ठगी करने मामले में गिरोह के दूसरे आरोपी को बुधवार को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान हर्ष रजावत उर्फ हैपी निवासी जौधपुर राजस्थान के रूप में हुई। आरोपी ठगी के अन्य मामले में करनाल जेल में बंद था। पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी नवरत्न निवासी जौधपुर राजस्थान व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने व ठगी गई राशि बरामद करने के लिए पुलिस ने बुधवार को आरोपी हर्ष रजावत को माननीय न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि उनकी टीम ने उक्त मामले में अगस्त महीने में आरोपी नवरत्न निवासी जौधपुर राजस्था को जौधपुर से गिरफ्तार किया था।

## देश के युवा जल प्रदूषण से बचाव के लिए निकाल रहे समाधान

**मंथन**

**पानी को साफ करने के लिए ऐसे मॉडल बनाए हैं, जिनसे किसी तरह का अन्य प्रदूषण नहीं होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: स्मार्ट** इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण में हरियाणा के नोडल सेंटर पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में देश के युवा जल संरक्षण के लिए मंथन कर रहे हैं। जल प्रदूषण से बचाव के लिए समाधान निकाल रहे हैं। पानी को साफ करने के लिए ऐसे मॉडल बनाए हैं, जिनसे किसी तरह का अन्य प्रदूषण नहीं होगा। यहां तक की सोया चंक्स से भी पानी को भी साफ किया जा सकता है। भूजल को बेहतर किया जा सकता है। पुणे के डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नॉलोजी कॉलेज से आई टीम ने दूषित पानी को साफ करने के लिए प्राकृतिक समाधान दिया है। टीम के सदस्यों ने ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिसमें पानी को साफ करने के लिए चारकोल की जरूरत नहीं होगी। सोया चंक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। सौलर ऊर्जा के माध्यम से यूवी लाइट से पानी को अंतिम स्तर तक साफ कर देंगे। पानी में मौजूद सभी हानिकारक बैक्टीरिया खत्म हो जाएगा। सोया चंक्स से बाहर निकले पानी को पिया भी जा सकता है। खेती की जा सकती है। भूजल को बढ़ाया जा सकता है।

**बैक्टीरिया सबके सामने**

कोयंबटूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी के छात्रों ने ऐसा पैन बनाया है, जिससे दो मिनट में पता चल जाता है कि पानी में कौन सा बैक्टीरिया है। यह कितना खतरनाक है। किस स्तर पर पानी जहरीला हो चुका है, यह पैन बता देता है। मेघा, मनीषा, स्वाति, इंदु एवं दो छात्रों के साथ बनी इस टीम ने किट के साथ कई प्रयोग किए हैं। इसके माध्यम से नदी से लेकर ड्रेन की अलग-अलग जगह की स्थिति और बैक्टीरिया का पता लगाया जा रहा है। संबंधित विभाग को अलर्ट किया जाता है, ताकि पानी साफ हो सके।

**किसान को जो चाहिए, मिलेगा**

किसान को फसल एवं बागवानी के लिए सबसे पहले एनपीके चाहिए होता है। यानी नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटेशियम।

## पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ: विधायक मनमोहन भड़ाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

समालखा जी टी रोड पर केशव होटल में प्रेस क्लब समालखा के तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय पत्रकारों की सरंक्षक विनोद लाहोट की अध्यक्षता में पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हलका विधायक मनमोहन भड़ाना ने बैठक में शिरकत कर बधाई दी। विधायक के कार्यक्रम में पहुँचने से पूर्व बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर क्लब सदस्यों के द्वारा बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर मे संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब सदस्यों के द्वारा विधायक भड़ाना का फूल मालाओं से पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक भड़ाना ने पत्रकारों से सहयोग के अपील करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं, जो सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने व इसके उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं। समय समय पर पत्रकारों के बीच चर्चा होनी चाहिए।

**विचार-विमर्श**

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हलका विधायक मनमोहन भड़ाना ने बैठक में शिरकत कर बधाई दी**

## हर्ष फायरिंग अपराध है, हर्ष फायरिंग से बचें अन्यथा होगी कार्रवाई: पुलिस



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निदेर्शानुसार हर्ष फायरिंग को लेकर जिला पुलिस पूरे तरीके से मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक ने प्रैस विज्ञपति जारी करते हुए जिले के आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि शादी विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करना कानूनी रूप से अपराध है। इसलिए कोई भी ऐसा न करें यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति लाइसैंसी हथियार से इस तरीके का अपराध करता है तो उसका लाइसैंस भी रद्द करवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि लोग अपनी जिम्मेवारी समझे और इस तरीके के अपराध करने से बचें। उन्होंने कहा कि लाइसैंसी हथियार केवल व्यक्ति की सुरक्षा के लिए है ना कि हर्षोल्लास के अवसरों पर इस तरीके की फायरिंग करने के लिए। शादी समारोह या अन्य किसी भी आयोजन पर हर्ष फायरिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून के तहत हर्ष फायरिंग को कानूनी अपराध माना गया है इसमें सजा का प्रावधान भी है। आमजन से यही अपील है कि लाइसैंसी हथियार व्यक्ति की सुरक्षा के लिए है। इसलिये इसे सिर्फ आत्म रक्षा व सुरक्षा के समय ही प्रयोग में लाना चाहिये, न कि शादी-विवाह जैसे आयोजन में। इस संबंध में उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा पहले से ही आदेश जारी किये गए हैं।

## सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**फतेहाबाद।** क्षेत्र में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सडक हादसों में दो युवकों की मौत होने का समाचार है। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में लाया गया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है। एक हादसे में जहां एक युवक टैंकर के नीचे आने से कुचल गया, वहीं दूसरे हादसे में ट्रॉली बाइक से टकरा गई। मिली जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह गांव धांगड़ और मोहम्मदपुर रोही के बीच पहला सडक हादसा हुआ। यहां ट्रैक्टर के पीछे लगे टैंकर पर बैठा युवक टायर के नीचे आ गया, जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया।

## 5 दुकानदारों का 4 लाख से ज्यादा का मौके पर ही चालान



**टीम एक्श इंडिया**

**खरखौदा** में वीरवार को नगरपालिका सचिव पंकज जून की अगुवाई में उनकी टीम ने खरखौदा सब्जी मंडी व गोपालपुर रोड पर प्रतिबंध पन्नियां रखने वाले वाले दुकानदारों का चालान किया है। ये कार्रवाई करते हुए उन्होंने पहले खरखौदा के गोपालपुर रोड पर 2 दुकानदारों का प्रतिबंध पन्नियां रखने पर चालान किया हैं। जिनमें पंडित भोला नाथ किरयाना स्टोर किरयाना स्टोर गोपालपुर चौक के पास 8 किलो ग्राम प्रतिबंध पन्नी मिली थी जिसका, 25000 का चालान किया गया हैं। वही आगे बढ़ते हुए बलदेव अंडा स्टोर का चालान किया गया। जिसके पास 65 किलो ग्राम प्रतिबंध पन्नी मिली, उसका 1 लाख का चालान किया गया। इसके बाद नगरपालिका सचिव की टीम खरखौदा के दिल्ली रोड पर सब्जी पहुँची मंडी वहाँ पर पंकज एवं अंकुश किरयाना स्टोर दुकान नम्बर 14 पर प्रतिबंध पन्नी 146 किलोग्राम मिली, जिसका चालान 1 लाख किया गया हैं। इसके बाद कार्रवाई बाला जी डेरी दुकान नम्बर 15 के पास 13 किलो प्रतिबंध पन्नी मिली, जिसका 1 लाख का चालान।

**जुर्माना**

**गोपालपुर रोड पर खरखौदा के गोपालपुर रोड पर 2 दुकानदारों का प्रतिबंधित पन्नियां रखने पर चालान किया**

उसके बाद सतीश किरयाना स्टोर दुकान नम्बर 15 पर 14 किलो ग्राम प्रतिबंध पन्नी मिली, जिसका 1 लाख रुपये का चालान गया। इन सभी दुकानदारों के पास करीब 2 किवंटल 46 किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंध पन्नियां मिली। जिनका सवा लाख रुपये का चालान मौके पर ही चालान किया हैं।

## नशा मुक्ति को लेकर मुरलीधर डीएवी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला, प्रवीण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान और ओम पट्ट भेंट द्वारा मुख्य अतिथि के अभिनंदन से हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नशा मुक्ति पर आधारित एक सशक्त नाटिका रही, जिसने समाज में नशे की बढ़ती समस्या और उससे होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से दशार्या। इस नाटिका का निर्देशन मधु शर्मा ने किया। उनकी रचना और विद्यार्थियों का प्रदर्शन अतिथि सहित सभी उपस्थित जनों को बेहद पसंद आया और सराहना के पात्र बने। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, "नशा न केवल व्यक्ति का भविष्य नष्ट करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवा पीढ़ी को इस जहर से दूर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।" कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिका माधुरी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "हमारा विद्यालय इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।"

**जागरूक किया**

**नशे की बढ़ती समस्या और उससे होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से दर्शाया, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए**

विद्यालय की क्रियाकलाप प्रभारी श्रीमती गौरी वंदना ने बताया कि विद्यालय का लीगल लिटरेसी क्लब कई वर्षों से वर्ष में दो-तीन बार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिनमें चाइल्ड एब्यूज, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, दहेज प्रथा और नशा मुक्ति, पोक्सो एक्ट, सड़क सुरक्षा अभियान आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाती है।

प्रधानाचार्य डॉक्टर सूरी ने यह विश्वास दिलाया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने दयानंद सदन की इंचार्ज चारु व पूनम शर्मा को उनके इस कार्यक्रम की आयोजन में विशेष योगदान के लिए साधुवाद दिया।

## 30 साल के लंबे अंतराल के बाद बड़े पर्दे पर नजर आएंगी फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने कहा कि 30 साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर बॉलीवुड के बड़े पर्दे पर काम करेंगी। इस फिल्म जगत में दामिनी जैसी फिल्मे तैयार करने की मन में इच्छा लेकर अमेरिका से मुंबई लौटी है। इस बार फिल्मों में काम करने का अवसर उनके पति और दो बेटों ने दिया है। अब बड़े पर्दे पर फिल्में तैयार करने की पूरी रुपरेखा तैयार कर ली है। फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि गत्त देर सायं अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के हर मुकाम तक पहुंचने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश उनके सारथी बने, उनके रक्त के कण-कण में पवित्र ग्रंथ गीता वास करती है। इस गीता उदगम स्थली कुरुक्षेत्र से जैसे ही अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव का आने का निमंत्रण मिला तो, उनके मन में पावन धरा के दर्शन करने की उत्सुकता पैदा हो गई। इस निमंत्रण के बाद ही कुरुक्षेत्र के लिए महाभारत पर आधारित द्रौपदी डांस ड्रामा तैयार किया। इस डांस ड्रामा के माध्यम से अपने मन की भावनाओं को मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। फिल्म अभिनेत्री ने कहा कि बॉलीवुड में दामिनी व घातक जैसी फिल्मों में काम करने के उपरांत 1995 से अमेरिका चली गई और पूरा टाईम अपने परिवार को दिया और अमेरिका रहकर भी क्रिएटिविटी का काम किया। इस दौरान कभी कभार ही बॉलीवुड की याद आई, पूरा समय अपने पति और बच्चों के साथ गुजारा।

# नागरिकों के पैमाने पर खरा उतर रहा समाधान शिविर: उपायुक्त डॉ. विरेंन्द्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा सरकार पूरे प्रदेश** में आम नागरिक की समस्याओं के समाधान को लेकर समाधान शिविरों का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर हल करने को लेकर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य को पूरा करने को लेकर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर नागरिकों के पैमाने पर खरा उतर रहे हैं। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी जन समस्याओं पर गौर करके उनका समाधान निकालतें हैं। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि समाधान



शिविर में भी अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता तो फिर समाधान का और कोई जरिया नहीं है। पहले अधिकारी समस्याओं को समझे फिर उसका समाधान करें। देरी का ठोस कारण के बाद ही समस्याओं को रजैक्ट करें। समाधान शिविर में गुरूवार को 86 समस्याएं आई जिनके अति शीघ्रता से समाधान करने के उपायुक्त ने निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि अब शहर के हाईवे पर कैमरे लगाये जायेगे व सडक दुर्धटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक्टरों व रेहड़ों पर शहर में पाबंदी लगाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर ली है। रिक्वरी वैन खरीदने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिये हैं। उपायुक्त ने बताया की शहर में इस प्रकार की व्यवस्था की जायेगी की शहर का नाम आये तो दूसरे शहर के लोग पानीपत का नाम ऐतिहासिक नगरी के अलावा साफ सफाई वाले शहर के नाम के साथ पुकारे। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविरों का एक ही उददेश्य है जिले को समस्याओं से मुक्त करना। इसमें उन्हें कामयाबी भी मिल रही है। उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं की समस्याओं के समाधान में समय ना लगाये। जो लोग सर्दी के मौसम में आपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं उन्हे आश्वासन ना दे बल्कि उनकी समस्याओं किा समाधान करें। उपायुक्त ने आम जन की सुनवाई करते हुए एक शिकायतकर्ता जगदीश वासी सेक्टर 12 की समस्या पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिरारी को शिविर को व्यवस्था देने के आदेश दिये। एक अन्य शिकायतकर्ता सुनील वासी सौदापुर ने उपायुक्त से राशन डिपों को दौबारा प्रारंभ करने की अपील की।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 3 वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**नेशनल व स्टेट हाईवे** पर घटित हो रहें सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा व नियमों की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस की और से गत दिनों जिला यातायात पुलिस के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए है। यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को थाना सेक्टर 13/17, थाना चांदनी बाग व थाना समालखा क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर चेकिंग के दौरान लापरवाही व गलत लेन में वाहन चलाते पाए जाने पर 2 ट्रक व 1 केंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने



बताया कि जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना को सुनिश्चित करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस की और से कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं। वाहन चालकों द्वारा लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने और सड़क पर बिना वजह खड़े वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नेशनल व स्टेट हाईवे पर सड़क हादसों से होने वाले जानमाल के नुकसान को रोकने तथा यातायात नियमों की पालना करने को लेकर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आता है कि हाईवे पर ज्यादातर हादसें भारी वाहनों की वजह से होते हैं। इन हादसों में काफी लोगों की जान चली जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### कार की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कस्बा असंध में** पोपड़ा गांव के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग बाइक चालक की मौत हो गई। बुजुर्ग मैरिज पैलेस में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। आरोपी कार चालक मौके पर गाड़ी छोडकर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर असंध के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी की कार को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पोपड़ा निवासी 71 वर्षीय महाबीर सिंह के पड़ोस में एक लडकी की शादी थी। बुधवार को वह शादी में जाने के लिए अपनी बाइक से निकला था। वह अकेला ही था। जैसे ही वह मैरिज पैलेस के नजदीक पहुंचने वाले थे तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह बाइक से नीचे सडक पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। गंभीर अवस्था में बुजुर्ग को असंध के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महाबीर के बेटे संदीप ने बताया कि उनके पिता शादी में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से टक्कर मारी, जिससे पिता की मौत हो गई। जांच अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाले जाएंगे, ताकि घटना से जुड़े अन्य सबूत जुटाए जा सकें। फिलहाल आरोपी की कार को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### हरियाणा रोडवेज बस में बैग से जेवर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पानीपत से** घरौंडा जा रही हरियाणा रोडवेज बस में महिला के बैग से जेवर चोरी हो गए। आरोपियों ने मदद के बहाने महिला का बैग ऊपर रखने का ऑफर दिया। जब उसने अपना बैग वापस मांगा तो आरोपियों ने उसे बैग नहीं लौटाया। आरोपियों ने कोहंड के पास जबरन बस रुकवाई और मौके से फरार हो गए। महिला ने बैग चेक किया तो उसके अंदर जेवर गायब मिले। पीड़िता ने शोर मचाया और चोरी की बात बस कंडक्टर को बताई। इसके बाद बस को घरौंडा थाने लाकर रोका गया और पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घरौंडा के गुढा गांव की महिला रूबी पत्नी अंकुश 11 दिसंबर को पानीपत से घरौंडा आ रही थी। पीड़िता के अनुसार वह पानीपत टोल से बस पर चढ़ी थी। बस रोहतक से चंडीगढ़ जा रही थी। इसी दौरान 10-12 अज्ञात लोग भी बस में चढ़े। उन्होंने मदद के बहाने उसका बैग ऊपर रखने की पेशकश की। जब उसने अपना बैग वापस मांगा तो आरोपियों ने उसे नहीं लौटाया।

### बाबरिया पर हार का ठीकरा फोड़ना चाहते थे हुड्डा: जयतीर्थ दहिया

**सोनीपत : राई के पूर्व विधायक** जयतीर्थ दहिया ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूपेंद्र हुड्डा चुनाव के बाद भी अपनी फितरत नहीं बदल रहे। उन्होंने हार का ठीकरा प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया के सिर फोड़ने का प्रयास किया है, ताकि हुड्डा खुद विपक्ष का नेता बन सके। लेकिन दीपक बाबरिया के बयान ने हुड्डा की प्लानिंग को ध्वस्त कर दिया। दीपक बाबरिया ने साफ कहा था कि चुनाव में 10-15 टिकटें गलत बांटी गई। इसका अर्थ ये है कि ये स्पष्ट है टिकट बाटने में पैसे लिए गए । पत्रकारों से बातचीत करते हुए जयतीर्थ दहिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भूपेंद्र हुड्डा ने एक राजनीतिक चाल चलने का प्रयास किया, जो दीपक बाबरिया के बयान के कारण फेल हो गई। हुड्डा चाहते थे कि हार का ठीकरा बाबरिया के सिर फोड़कर उनका विपक्ष का नेता बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि चुनाव में 72 टिकटें हुड्डा की मर्जी से बांटी गई, जिनमें से 35 पर हार हुई तो हुड्डा हार की जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते।

## खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पाानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**महाराष्ट्र में आयोजित** राष्ट्रीय कजाक कुरास प्रतियोगिता में एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्ला के चार खिलाड़ी ममता ने गोल्ड , रितु सिल्वर एवं नेहा व अंकुश ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर गांव का नाम रोशन किया ' विद्यालय में पहुंचने पर खिलाड़ियों का एमडी स्कूल कमेटी एवं ग्रामीणों ने फूल मालाओं एवं मैडल पहनकर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों को स्वस्थ, संस्कारवान व चरित्रवान बनाए रखने के लिए शिक्षा के साथ साथ अपने बच्चों को खेलों



में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करे ' उन्होंने बताया कि दौड़ में पीछे रहने वाला कभी भी आगे निकल सकता है जो दूसरों को दौड़ते देख दौड़ में भाग ही ना लें उसे पराजित माना जाता है ' इस अवसर पर डॉ योगेंद्र मान ने भी बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा भरी पड़ी है उसे बाहर निकालने वालों की कमी है सभी ग्रामीणों से अनुरोध है कि अपने-अपने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ' इस अवसर पर गांव में पहुंचने पर खिलाड़ियों के सम्मान में पुराने बस स्टैंड से सैकड़ो ग्रामीण एवं विद्यार्थियों द्वारा भारत माता की जय के नारे लगाते हुए वाया दादा खेड़ा पर पूजा अर्चना के बाद एम डी स्कूल के प्रांगण में पहुंच कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' मंच संचालक रेनू ने ग्रामीणों को जूडो, कुरास, हैंडल दौड़ रेस कुश्ती कबड्डी में भी गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज मैडल लाने वाले खिलाड़ियों की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। ' इस अवसर पर मास्टर जितेंद्र, डॉक्टर योगेंद्र मान सुरेश ,महेंद्र, भूपेंद्र ,संजय , भले राम, रणबीर, प्रधान सतबीर, जगबीर एवं सचिन सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कोच रितु मान, अमित, अतर मान, विकास को भी गांव में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया '

## सरकार की तरफ से किसानो को प्रोत्साहन राशि दी जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से किसानो को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (गन्ना) के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में गन्ने की सिफारिश की गई किस्मों के डैमोस्ट्रेशन ऑफ इंटरक्रॉपिंग विद शूगरकेन के प्रदेर्शन प्लांट लगाने हेतु इनपुटस खरीदने के लिए किसानो को अनुदान के रूप मे 3200 रुपए प्रति एकड के हिसाब से अनुदान राशि दी जायेगी। जिला के सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि एक किसान अधिकतम दो एकड़ तक योजना का लाभ ले सकता है। गन्ना की बिजाई के प्रदर्शन प्लांट लगाने के इच्छुक किसान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर अपना आवेदन 31 दिसंबर तक कर सकते है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसान का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश विभाग की वेबसाइट पर उपल्ब्ध है।

## इग्नू में 31 तक करें सेमेस्टर, यूजी और पीजी में री-रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक** डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर्स और मास्टर पाठ्यक्रमों में री-रजिस्ट्रेशन आरम्भ कर दिए है जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2024 में इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है उनके लिए 31 जनवरी 2025 तक री-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने जुलाई 2024 सत्र में सैमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों जैसे एमबीए, एमसीए,एमकॉम, बीसीए आदि में दाखिला लिया है उनको अपने अगले सेमेस्टर में री-रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है इसी प्रकार जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2025 सत्र में बैचलर्स प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष में दाखिला लिया है उन्हें जनवरी 2025 में द्वितीय और तृतीय वर्ष में दाखिला करवाना अनिवार्य है और जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2024 में एमए प्रथम वर्ष में दाखिला लिया उन्हें जनवरी 2025 द्वितीय वर्ष में दाखिला लेना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि री-रेजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट डॉटइन पर जाकर के माध्यम से री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## अराज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रितः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**महिला एवं बाल विकास** विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 7 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकती हैं। डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड के लिए निर्धारित राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। इसी प्रकार से एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।
उन्होंने बताया कि पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिये योग्यताएं व शर्ते महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डब्ल्यूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन से डाउनलोड की जा सकती है।

## बीएससी की छात्रा लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में** 17 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। छात्रा अपनी स्कूटी लेकर बिना बताए घर से निकली थी। पीड़ित परिवार ने छात्रा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने एक युवक पर शक जताया है और मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। करनाल निवासी छात्रा बीएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के पिता ने सदर चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे उनकी बेटी स्कूटी लेकर घर से बिना बताए निकल गई।

## चाईल्ड लेबर अपराध है इसको रोकना होगाः अनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा राज्य बाल** अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने गुरूवार को जिला सचिवालय में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से संबंधित विषय को लेकर कार्य कर रहे विभागों, स्टेक होल्डर के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की व उनकी प्रगति जानी। बैठक में बाल श्रम से जुड़े अनेकों विभाग के अधिकारी मौजूद रहे है। आयोग सदस्यों ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे समय समय पर आम जन को विभिन्न विभागों की स्कीमों के बारे मे जानकारी देना सुनिश्चित करें। आयोग सदस्यों ने कहा कि चाईल्ड लेबर अपराध




है। इसको रोकना है। जो इसमें बढ़ावा दे रहे हैं उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही होगी। उन्होंने अधिकारियों से पिछले 6 महीने में कितनी बैठक इस विषय को लेकर की कि भी जानकारी मांगी।
आयोग सदस्यों ने कहा की जिन स्कूलों के संचालक नियमों को ताक पर रख कर स्कूलों का संचालन कर रहे हैं। जो स्कूल संचालक स्कूली बसों के लिए निर्धारित किये गये नियमों पर खरा नहीं उतर रहे उनके खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही करनी होगी। स्कूलों में जाकर उनकी जांच करना अधिकारी सुनिश्चित कर ले।
आयोग सदस्यों ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा की दिव्यांग जनों को सरकार की स्कीमों को पूरा लाभ मिल रहा है या नहीं इसका भी ध्यान रखना होगा व आम जन के लिए संचालित की जा रही संकीमों का लाभ मिल पा रहा है यह भी अधिकारी सुनिश्चित करना होगा। आयोग सदस्यों ने कहा कि हमें पोस्को एक्ट व जेजे एक्ट पर और अधिक कार्य करना है। जिले से बाल श्रम मजदूरी को समाप्त करना है। एचआईवी ग्रस्त बच्चों को मिलने वाली सहायता राशि में किसी भी प्रकार की देरी ना हो अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस पर किया जाएगा पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : महिला एवं बाल** विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 8 मार्च 2025 को महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस के अवसर पर राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जो भी महिला जो कि समाज सेवा/शिक्षा/खेल/चिकित्सा सहायता/स्वंय सहायिका समूह या अन्य कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है उनको विभिन्न राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंदिरा गाधी शक्ति महिला अवार्ड के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए, कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के लिए 1 लाख रुपए, भीन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड के लिए 1 लाख रुपए, लाइफ टाईम अचीव अवार्ड के लिए 51 हजार रुपए, सोशल वर्कर अवार्ड 21 हजार रुपए से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पात्र महिलाएं खंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा इसके लिए पात्र महिला अपने पूर्ण दस्तावेजों के साथ 18 दिसंबर 2024 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय कमरा नंबर 214 लघु सचिवालय पुरानी इमारत प्रथम तल में अपना आवेदन जमा करवा सकती है।

## 'नवीन संकल्प शिविर' से लोगों को मिल रहा है लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : समाज सेवा** और जनकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, सांसद नवीन जिन्दल द्वारा नवीन संकल्प शिविरों की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लोगों को महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी और उन्हें प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना व नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन शिविरों में आधार, पेंशन



योजना, छात्रवृत्ति योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दवाइयां वितरित की जा रही हैं। साथ ही, रक्त और यूरिन जैसे आवश्यक स्वास्थ्य जांच भी निःशुल्क किए जा रहे हैं। नवीन संकल्प शिविरों के अगले आयोजन के शेड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की ओर से लोगों को सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए 13 दिसम्बर को थानेसर हल्के के गांव सलारपुर और खेड़ी ब्राह्मणान में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच और उपचार के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना सांसद नवीन जिन्दल की प्राथमिकता है। 'नवीन संकल्प शिविर' के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुगमता से मिले। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित शिविरों में हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाला है और लोगों में जागरूकता बढ़ाई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 13 दिसम्बर को थानेसर हल्के के गांव सलारपुर और खेड़ी ब्राह्मणान में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में भाग लेकर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभ उठाएं।

## केयू फार्मेसी संस्थान में आईसीसी के सहयोग से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र**
विश्वविद्यालय के फामेर्सी संस्थान द्वारा केयू आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिरोहा के नेतृत्व में यौन उत्पीड़न को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न पर विश्वविद्यालय की नीतियों के बारे में शिक्षित करना तथा सुरक्षित, सम्मानजनक परिसर के माहौल को बढ़ावा देना था। प्रो. सिरोहा ने उत्पीड़न के पीड़ितों के लिए



उपलब्ध जागरूकता और रिपोर्टिंग तंत्र के महत्व पर जोर दिया, इस तरह के व्यवहार के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता नीति के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक प्रो. किरण सिंह ने केयू आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिरोहा का संस्थान में पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता पैदा करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य था।




# सीआरपीएफ 236 बटालियन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के** बवाना सीआरपीएफ 236 बटालियन के उप कमाण्डेन्ट विक्रान्त सिहं के निदेर्शानुसार संध्यासी अस्पताल के सहयोग से बवाना के सीआरपीएफ कैंप में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में संध्यासी अस्पताल के चिकित्सक डा. विकास गुप्ता की अगुआई में सैकड़ो सीआरपीएफ कर्मियों और परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान सर्दी, खांसी, आँख, कान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, लीवर एवं किडनी से संबंधित जटिल एवं







पुरानी बीमारियों के मरीज अधिक पाये गये। शिविर में आये लोगों को ईलाज के बाद निःशुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर बटालियन कमाण्डेन्ट धर्मेन्द्र कुमार, द्वि.क.अधिकारी कुँवर सिंह एवं कमाण्डेन्ट के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उप कमांडेंट विक्रांत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं। इसलिए सीआरपीएफ का प्रयास रहता है कि इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य की जांच कराने का अवसर दिया जाए।

चिकित्सक डा. विकास गुप्ता ने बताया कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए। इस दौरान चिकित्सकों ने हृदय व स्वांस रोगों के मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित की। वहीं नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मे दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कौशलपुरी रेलवे लाइन पर आयोजित नुक्कड़ सभा में लोगों को संबोधित करते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी साथ में है भाजपा नेता अशोक गोयल देवराहा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## केजरीवाल महिलाओं को कर रहे है गुमराह: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का जादूगर बताते हुए कहा है कि पंजाब में चुनाव से पहले से पहले आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को सम्मान राशि देने की बात कही थी लेकिन सरकार बनने के दो साल बाद भी एक भी महिला को पैसे नहीं दिए जा रहे? भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में एक फॉर्म भरवाया था और कहा था कि दिल्ली में महिलाओं को एक-एक हजार रुपये की सम्मान राशि सितम्बर से मिलेगी लेकिन आज तक किसी भी महिला को एक रुपया नहीं दिया। अब दिल्ली में एक बार फिर से चुनाव आ गया है और अरविंद केजरीवाल को अपनी हार सामने दिख रही है तो एक बार फिर से महिलाओं को छालावा लॉलीपॉप देने का काम कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल जवाब दें।



आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के आजादपुर मण्डल के ए ब्लॉक में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए जिला केशवपुरम भाजपा कार्यालय मंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नितिन गोयल व अन्य।

# नुक्कड़ सभा आयोजित कर केजरीवाल सरकार की नाकामियों को किया उजागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** द्वारा दिल्ली की प्रत्येक विधानसभाओं में चलाए जा रहे नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दिल्ली की स्थानीय समस्याओं के साथ केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कहानी को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा दिल्ली प्रदेश ने नुक्कड़ सभाओं के जरिये वोटरों को पक्ष में करने की तैयारी की है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 स्थित हरित विहार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का





आयोजन मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर, सागर त्यागी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**हर मोर्चे पर केजरीवाल सरकार हुई फेल:** सभा को आयोजित करते हुए मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल ने कहा कि नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दिल्ली की स्थानीय समस्याओं के साथ केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कहानी को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों के कार्यकाल में क्षेत्रीय आप विधायक संजीव झा ने एक भी कार्य नहीं किया है।

**परिवर्तन के मूड़ में बुराड़ी की जनता:** इस बार बुराड़ी की जनता परिवर्तन के मूड में है। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार लाने की तैयारी कर रही है। इस मौके पर गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली की जनता को फ्री सुविधा देने के नाम पर झूठी बयानबाजी और वादे करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी का कड़वा सच हर गली और चौराहे पर दिख रहा है। कूड़े के ढ़ेर और गंदगी का अंबार दिखाई देता है। जिस राजधानी को स्वच्छता और सुंदरता का उदाहरण होना चाहिए था, वह अब कूड़े का हब बन गई है। दिल्ली के नागरिक स्वच्छता और सुंदरता के हकदार हैं। राठौर ने कहा कि केजरीवाल ने सिर्फ भ्रष्टाचार की राजनीति की है। ऐसे में उनके विधायकों को अपनी सीट बदलनी पड़ रही है। कृष्णपाल ने कहा कि आप ने दिल्ली में सिर्फ जनता को धोखा दिया है। जनता इनकी नीतियों और उनके भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। साफ पानी नहीं मिलता, सब तरफ गंदगी है।

## बढ़ते अपराधों से राजधानी दिल्ली की जनता त्रस्त है: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि अपराध की राजधानी बन चुकी दिल्ली में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा करने वाली दिल्ली पुलिस मानो ही नहीं। सरेआम गोलीबारी, लूटपाट, गैंगवार और हत्याएं दिल्ली की दिनचर्या बन चुकी है, आज अगर पड़ोस में हत्या, बलात्कार, लूट या फिर गोलीबारी होती है तो दिल्ली वाले भय के कारण घरों से बाहर नहीं निकलते है क्योंकि दिल्ली में भाजपा सरकार का दिल्ली की कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। राजधानी में बढ़ते अपराधों की जिम्मेदारी लेते हुए अमित शाह तुरंत गृहमंत्री पद से इस्तीफा दें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी में बदमाश और गैंगवार इस कदर हावी हो रहा है कि दिल्ली का व्यापारी, पेशेवर, महिलाएं और छोटे-बड़े कारोबार करने वाले सहित दिल्ली के छात्र स्कूलों में बम की खबरों से भय के साए में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार बढ़ रहे अपराधों को कम करने में पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है और अपराधी खुलेआम अपराधों को अंजाम दे रहे है।

# जनता 'आप' के कार्यों से नहीं है खुश: महेन्द्र नागपाल





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वजीरपुर रेलवे लाइन की झुग्गी बस्ती में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने पद यात्रा की और वहां के लोगों की परेशानियों को समझा। श्री नागपाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी सरकार की जन विरोधी नीति के प्रति क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि आप विधायक का एरिया में सुध ना लेना निराशा का कारण है। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अखबार पतला हो या मोटा, उसे पढ़ने का मजा कुछ और है: राम बहादुर राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रख्यात पत्रकार राम बहादुर राय ने कहा कि अखबार पतला हो या मोटा, उसे पढ़ने का मजा कुछ और है।
उन्होंने कहा कि आज जिसके हाथ में मोबाइल है, वह पत्रकार है। तकनीक कितनी भी बदल जाए लेकिन प्रकाशित अखबारों का फिलहाल कोई मुकाबला नहीं है। राय साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन के पुस्तकायन मंडप में




वरिष्ठ पत्रकार अमलेश राजू की पुस्तक पत्रकारिता के व्यावहारिक गुर के विमोचन समारोह में बतौर अध्यक्षीय भाषण देते हुए ये बातें कहीं। इस मौके पर माखन लाल चतुवेर्दी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो केजी सुरेश की गरिमामई उपस्थिति रही। इस मौके पर कई गणमान्य मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र: नुक्कड़ सभा के दौरान गरीबों में बांटे गए कंबल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की सत्ता हांसिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

इस मुकाबले को दिलचस्प बनाने के लिए दिल्ली भाजपा कुछ अलग करने व केजरीवाल की पोल खोलने व उनके भ्रष्टाचारों को दिल्ली के घर-घर तक पहुंचाने के लिए दिल्ली की प्रत्येक विधानसभाओं में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों के बीच अपनी उपस्थिति भी दर्ज कर रही







है। इसी कड़ी में चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र स्थित चांदनी चौक मंडल के पीली कोठी में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य रूप से विष्णु मित्तल जनरल सेक्रेटरी दिल्ली प्रदेश, चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी, गोपाल गर्ग, राजा खारी, अशोक तोमर, अनुजा कपूर, सतीश जैन, मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा, पूर्व पार्षद रवि कप्तान, बलबीर सहित भाजपा के कई बड़े पदाधिकारियों सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। नुक्कड़ सभा के दौरान वहां पर मौजूद गरीबों व बुजुर्गों को ठंड से बचने के लिए कंबल भी बांटे गए। इस मौके पर हरीश असड़ी ने कहा कि जब से दिल्ली की सत्ता में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से दिल्ली सरकार के हर सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और क्यों न हो जब दिल्ली के मुखिया अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी खुद भ्रष्टाचार की दलदल में धंसे हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में दिल्ली में एक भी विकास कार्य होना तो बस मात्र एक सपना ही बन कर रहा है। लेकिन अब दिल्ली की जनता दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार भाजपा को ही देखना चाहती है, दिल्ली की जनता अब दिल्ली में बदलाव के मूड़ में है। इस दौरान अनूजा कपूर ने कहा कि केजरीवाल सरकार व उसके विधायक ने दिल्ली का बेड़ागर्क करके रख दिया है।

# महाकुम्भ में हर घर जल गांव बसाएगी योगी सरकार

## महाकुम्भ में 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में शुरू हुई तैयारी -जल मंदिर का भी होगा निर्माण, गांव में होगा पेयजल का समाधान, 51 दिन तक लगेगी प्रदर्शनी, महाकुम्भ में सुनाई जाएगी नए भारत के नए यूपी के नए गांवों की कहानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: योगी** सरकार महाकुम्भ में हर घर जल गांव बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है। -51 दिन तक चलेगी प्रदर्शनी, होंगे अलग-अलग कार्यक्रम कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी।
बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध




पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुम्भ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी।
-प्रदर्शनी में पांच भाषाओं में मिलेगी जानकारी ललितपुर से सटे मध्य प्रदेश के बॉर्डर के बाल विहट गांव में एक ही कुआं था। इसमें सांप रहते थे, इसके बावजूद यहां के लोग उसी कुएं का पानी पीते थे। मोदी-योगी सरकार ने इस गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यहां के ग्रामीण भी बदलाव की गाथा बयां करेंगे। महाकुम्भ में देश के विभिन्न राज्यों व हिस्सों से श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। इसलिए प्रदर्शनी में हर जानकारी बहुआयामी भाषाओं में मिलेगी। यहां हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी में लोग जल जीवन मिशन के माध्यम से बदले यूपी के बारे में अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शनी में जल जीवन मिशन से विंध्य-बुंदेलखंड में आए बदलाव को लेकर सफलता की कहानी का भी संकलन पुस्तक के माध्यम से प्रदर्शित होगा।
-जल मंदिर भी देगा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में जल मंदिर भी बनाया जाएगा। जल मंदिर में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है। जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि इसका संरक्षण करें। जल मंदिर में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।

# राजमार्ग को भी किया यातायात के लिए पूर्णत: बंद, पहुंच मार्ग बना मौत का कुंआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**औरैया : प्रदेश** सरकार जहां एक ओर जनता को निर्भय, स्वच्छंद और बिना परेशानी के जीवन स्तर उन्नतिशील करने की दिशा में हर संभव प्रयासरत है ।वहीं यह भी सख्त आदेश है कि कोई भी कार्यदायी संस्था संस्था विशेष रूप से मार्ग निर्माण करने वाली (राजमार्ग प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी) और अन्य मार्ग निर्माण कंपनी निर्माण के समय किसी भी सूरत में मार्ग पूर्णतः अवरुद्ध नहीं कर सकती है। जनपद औरैया में भीखेपुर - जुहीखा राज मार्ग जो जनपद जालौन के साथ-साथ बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर जैनपुर के नहर का पुल के चल रहे निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था के ठेकेदार द्वारा



विगत एक माह से आवागमन के लिए इस राज मार्ग को पूर्णतः बंद कर दिया है। जिससे इस राजमार्ग पर जनपद के अलावा जालौन बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश को आने जाने वाले यात्रियों और वाहनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ,जिसमें यह भी देखा गया है कि कार्यदाई संस्था दिया द्वारा दिया गया निकास रास्ता बिल्कुल उबड़ - खाबड़, कच्चा और गहरे गड्ढों से युक्त है जिसमें छोटे वाहन भी नहीं निकल पाते हैं जहां छोटे-छोटे टेंपो सवारियों को उतार कर इस ओर से आवागमन करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लिपकार्ट ने 2025 तक 16,000 लोगों के कौशल विकास की योजना बनाई

**फरीदाबाद ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स सप्लाई चेन में काम करने वालों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए अनूठी पहल करते हुए 2021 में सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) की स्थापना की थी। एससीओए में स्थानीय क्षेत्रों के वंचित समुदायों के युवाओं को निशुल्क एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर में सफल होने और स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने में सक्षम बनें। एससीओए ने 2024 में 3,000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित किया, जिनमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। ये आंकड़े विविधता एवं समावेश की



दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। यहां प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के विभिन्न केंद्रों पर 45 दिन के हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन क्लासरूम सेशन के माध्यम से रियल-वर्ल्ड ऑपरेशनल स्किल्स प्रदान की जाती हैं। इस विशेष प्रोग्राम के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, सैन्य कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों तक पहुंचा जाता है और उन्हें ई-कॉमर्स सेक्टर में रोजगार पाने में सक्षम बनाया जाता है। फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा, सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) का उद्देश्य छात्रों एवं संभावित पेशेवरों को ई-कॉमर्स, रिटेल एवं वेयरहाउसिंग सेक्टर में काम करने के लिए उपयुक्त कौशल प्रदान करना है। यह पहल भारतीय युवाओं को तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर के लिए जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह कार्यक्रम न केवल लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है, बल्कि प्रशिक्षित कार्यबल की तत्काल जरूरत को पूरा करते हुए इस उद्योग के भविष्य को भी आकार दे रहा है। एससीओए से युवाओं को बिना किसी वित्तीय परेशानी के अपना कौशल बढ़ाने का विकल्प मिलता है, जिससे सभी का पेशेवर विकास संभव होता है। इस एकेडमी के लिए पाठ्यक्रम को फ्लिपकार्ट की तरफ से प्रबंधित किया जाता है, जिससे सभी को ऐसा व्यापक एवं गहन शैक्षणिक अनुभव मिलता है, जिसे विशेष रूप से उद्योग की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है।

### स्विच मोबिलिटी दो नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बसों को किया लॉन्च

**नोएडा ।** अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निमार्ता है, ने आज भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म स्विच ईआईवी12 - लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ के डब्ल्यू एच से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है।
इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री माननीय नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज (भारत) के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।



इस अवसर पर, यूरोपीय बाजार के लिए डिजाइन की गई स्विच ई1 को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई। इन दोनों बसों में समान डिजाइन दर्शन और ईवी आर्किटेक्चर है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन श्री अशोक पी. हिंदुजा ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, "ये बसें प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया विजन को समर्पित हैं: भारत में बनी, भारत और दुनिया के लिए। स्विच मोबिलिटी अत्याधुनिक तकनीक और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले नए वाहनों को लॉन्च करने के लिए प्रेरित है, केवल इसलिए क्योंकि भारत में मोदी जी जैसे दूरदर्शी और गडकरी जी जैसे कार्यान्वयनकताओं के कारण शानदार सड़क बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है। स्विच मोबिलिटी के चेयरमैन श्री धीरज हिंदुजा ने कहा, "स्विच ईआईवी12 का लॉन्च और स्पेन के लिए स्विच ई1 को हरी झंडी दिखाना हिंदुजा समूह और अशोक लेलैंड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो टिकाऊ गतिशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। ईआईवी12 और ई1 के अलावा, स्विच हमारी वैश्विक पेशकशों का विस्तार करने के लिए नए उत्पादों की एक श्रृंखला विकसित कर रहा है।

## श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार प्रयागराज

**प्रयागराज: महाकुम्भ** को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुरुवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा।

# श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पेइंग गेस्ट और होम स्टे को लेकर प्रशासन गंभीर

## जिलाधिकारी ने पेइंग गेस्ट संचालकों की मान्यता को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: प्रयागराज महाकुंभ** से काशी आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की जरूरतों को देखते हुए जिला प्रशासन गंभीर है। होटलों और धर्मशालाओं के साथ गेस्ट हाउसों में भी जगह फुल होने की दशा में जिला प्रशासन उनके ठहरने के लिए पेइंग गेस्ट और होम स्टे का विकल्प भी खुला रख रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने पेइंग गेस्ट व होम स्टे की मान्यता को लेकर अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में पेइंग गेस्ट,होम स्टे की मान्यता को लेकर विमर्श के बाद इसके लिए आवेदन से एक महीने



का समय निर्धारित किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर सहमति भी बनी। जिलाधिकारी ने कहा कि पेइंग गेस्ट / होम स्टे की मान्यता को लेकर पर्यटन विभाग कोई फाइल अनावश्यक रूप से पेंडिंग न रखे। सभी निर्धारित विभाग जिसमें पर्यटन, एलआईयू, सम्बन्धित थाना, विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम को मान्यता के लिए आवेदन समानांतर रूप से चलाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आवेदन के साथ पावती जरूर दिया जाये। मान्यता के नियम तथा शर्तों के उल्लंघन पर कोई ढिलाई नहीं बरतते हुए संबंधित स्टे हॉउस को सील किया जायेगा। इसके लिए विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम को उचित जांच करना होगा । जिलाधिकारी ने एडीएम प्रोटोकॉल को शहर में स्थित सभी होटलों, धर्मशालाओं, पेइंग गेस्ट, होम स्टे से संबंधित पूरी लिस्ट, कमरों की संख्या, फोन नंबर सहित देने को निर्देश दिया। ताकि आगामी कुम्भ के द्दष्टिगत आने वाली बड़ी श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से ठहरने की उचित व्यवस्था की जा सके। बताते चलें कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के नव्य और भव्य विस्तारित रूप के बाद पिछले तीन सालों से शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।
श्रद्धालुओं के चलते नगर के खास कर गंगा किनारे के होटल और गेस्टहाउस,धर्मशालाएं फुल रहती हैं। इसे देखते हुए गंगा किनारे और गलियों में स्थित भवनों के स्वामी अपने घरों में पेइंग गेस्ट रखते हैं। बैठक में एडीएम प्रोटोकॉल, सचिव विकास प्राधिकरण, उपनिदेशक पर्यटन, नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# गर्म कंबल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

## ठंड से जंग हम गरीबों के संग आओ खुशियां बांटे अभियान के तहत वितरित किये गये कम्बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: जस्टिस** फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी मथुरा के संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से झुग्गी झोपड़ियों घुमंतू जातियों अप्रवासी मजदूरों के शिक्षा से वंचित बच्चो को शिक्षा संस्कार स्वास्थ्य स्वावलंबन एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से सतत रूप से किया जा रहा है ।साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को समय समय पर खाद्य सामिग्री वस्त्र एवं कम्बल आदि प्रदान कर सहयोग किया जाता है। इसी श्रृंखला में गरीबों की ठंड से जंग हम गरीबों




के संग अभियान के तहत सेकडो गरीब परिवारों को ठंड से बचाने के लिए कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी एवं उद्योगपति कपिल उपाध्याय ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों के सैकड़ों बच्चो को शिक्षा संस्कार एवम समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय एवम वंदनीय सेवा कार्य है। आर्थिक रूप से समर्थवान लोगों को नर सेवा नारायण सेवा मानते हुए जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों में भविष्य में भी सहयोग करता रहूंगा।

## नगर निगम की टीम ने 34500 का जुर्माना वसूला

**मथुरा। प्रतिबंधित** पॉलीथिन, प्लास्टिक के प्रयोग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सहायक नगर आयुक्त द्वारा अभियान चलाकर जुमार्ने की कार्यवाही की गई। शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। कल्पना सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त के द्वारा आज मंडी चौराहा गेट एवं फ्लाईओवर के नीचे से सौंख रोड पर प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक, एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं अतिक्रमण करने वालों पर 34500 रुपये का जुर्माना किया गया।

# ब्लू ओसियन कॉपोर्रेशन ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के साथ की पार्टनरशिप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र में स्किल की कमी को दूर करने के लिए सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर ब्लू ओसियन कॉपोर्रेशन ने आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस स्ट्रेटेजिक पार्टनर्शिप से ब्लू ओसियन के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) के फाउंडेशन कोर्स के साथ जोड़कर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के सिलेबस के साथ लाया जाएगा। ब्लू ओसियन कॉपोर्रेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुण गौतम ने 3 दिसंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में यूनिवर्सिटी कैंपस में एक ऑफिसियल सेरेमनी के दौरान एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में ब्लू ओसियन कॉपोर्रेशन दिल्ली के डायरेक्टर - संचालन श्री दीपक महाजन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. निहार अमोनकर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. अखिल दामोदरन और एसोसिएट डीन डॉ. एकता सारस्वत की सम्मानित उपस्थिति ने प्रतिष्ठा को दोगुना कर दिया।
यह कोलैबोरेशन आईआईएलएम के छात्रों को तेजी से बढ़ती इंडियन लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्किल्स और नॉलेज से लैस करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका अनुमान 2029 तक 317.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 484 बिलियन डॉलर हो जाने का है।
यह कोलैबोरेशन न केवल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट और एडवांस्ड सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी की समझ प्रदान करता है, बल्कि प्रतिभागी को एएससीएम, युएसऐ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी प्रदान करता है। यह सर्टिफिकेशन करंट जॉब मार्किट में वैल्यू एड करता है, क्योंकि कई मल्टीनेशनल कॉपोर्रेशन (एमएनसी) भारत में इन्वेस्ट करना चाहते हैं और ग्लोबल सर्टिफिकेशन वाले स्किल्ड प्रोफेशनल की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। ऐसी योग्यता से स्नातकों के लिए रोजगार और कैरियर की संभावनाएं मजबूत होती हैं, जिससे वे बढ़ते लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में अग्रणी बन जाते हैं। ब्लू ओसियन कॉपोर्रेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्य मेनन ने कहा, "भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, और यह कोलैबोरेशन सुनिश्चित करेगा कि प्रोफेशनल्स की अगली पीढ़ी उस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी एडवांस्ड स्किल्स से लैस हो। हमारे कार्यक्रम को आईआईएलएम के सिलेबस में लाकर, हम लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस के एक नए युग की नींव रख रहे हैं, छात्रों की नौकरी की तत्परता बढ़ा रहे हैं और स्नातक होने के बाद प्लेसमेंट परिणामों में सुधार कर रहे हैं। यह भारत के लिए एक स्मार्ट, अधिक कुशल लॉजिस्टिक्स भविष्य को आकार देने के हमारे मिशन की शुरूआत है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुडगाँव:** जिसे "पूरी तरह से सेडान" के रूप में डिजाइन किया गया है। कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है, जो काफी बेहतर दक्षता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन एक्सटीरियर और इंटीरियर, सहज प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ बेजोड़ परिष्कार लाता है, जिससे उपभोक्ताओं की अनूठी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल एक कार से कहीं बढ़कर है - यह परिष्कृत शैली और विशिष्टता का प्रतिबिंब है। नए मॉडल के लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मसाकाजु योशिमुरा ने कहा, "ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का लॉन्च टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप बेहतर, संधारणीय गतिशीलता विकल्प विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, और हमारी उत्पाद रणनीति कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। इस दिशा में, हमने स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा देने और अधिक चपलता और गति के साथ बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण को बढ़ावा देने के लिए बहु-मार्ग दृष्टिकोण को अपनाया चुना है। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन की शुरूआत एक ग्रीन मोबिलिटी पेशकश है, जो भविष्य के कार्बन-मुक्त, खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में हमारे योगदान को और मजबूत करेगी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर एंड लेक्सस के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री तादाशी असजुमा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "नई कैमरी प्रदर्शन, स्थिरता और अत्याधुनिक नवाचार का मिश्रण करने वाले वाहन तैयार करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।
सेडान टू द कोर की अवधारणा के तहत विकसित नई कैमरी अपने उन्नत 5वीं पीढ़ी के हाइब्रिड सिस्टम की बदौलत बेजोड़ ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जो बेहतर प्रदर्शन और असाधारण प्रतिक्रिया प्रदान करती है।

# रोडवेज के निजीकरण की सुगबुआहट से कर्मचारी हुए बेचैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: परिवहन निगम** के विभिन्न डिपों और परिसंपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने व प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर अनाकृत रूप से चल रही बसें व छोटे वाहनों को रोकने की मांग को लेकर गुरुवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में मथुरा डिपो के कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना देकर दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी 16 सूत्रीय मांगे नहीं मानी जाती हैं तो वे 19 दिसम्बर को धरना देंगे।
रोडवेज कर्मधारी संयुक्त परिषद लखनऊ के आवाहन पर



रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद मथुरा डिपो द्वारा 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आज परिषद की संचालन शाखा के अध्यक्ष के.के. शर्मा के नेतृत्व में मथुरा डिपो के वर्कशाप में धरना-प्रदर्शन किया। धरना को सम्बोधित करते हुए शाखा मंत्री नेपाल सिंह ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के सम्बन्ध में प्रबंधन के साथ हुए समझौते के तहत कर्मचारियों के पारिश्रमिक में 10 प्रतिशत की बढोत्तरी प्रतिवर्ष की जायेगी। लेकिन प्रबंधन ने नहीं की। जिससे संविदा कर्मचारी अपना जीवन यापन ठीक प्रकार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि प्रोत्साहन भत्ते में लोड फैक्टर के आधार पर की जा रही कटौती को तुरन्त बन्द किया जाए एवं चरणबद्ध तरीके से समझौते के अनुत्तार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की कार्यवाही की जाय। जिससे संविदा कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर सकें।
शाखा अध्यक्ष केके शर्मा ने कहा कि कोविड काल में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों की अब तक नियुक्ति नहीं हो पायी है जिस कारण उनके परिवार का जीवन यापन नहीं हो पा रहा है। अतरू निगम प्रबंधन इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियमित नियुक्ति प्रदान करे। रामचरन द्वारा निगम कर्मियों को शेष महंगाई भत्ता भुगतान किये जाने की मांग निगम प्रबंधन से की गयी।
कर्मशाला शाखा के अध्यक्ष बदन सिंह एवं शाखा मंत्री पीयुष वर्मा द्वारा राष्ट्रीयकृत मार्गों पर हो रही डग्गामारी को तुरन्त बन्द करने की मांग की गयी। आगरा के क्षेत्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार लवानियां द्वारा आउट सोर्सिस हो रही भर्ती कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन समय से नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण वह पूरे मन से काम नहीं कर रहे हैं।

# वी हरियाणा में दे रहा 4 जी I उत्कृष्ट अनुभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम ।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि ओपनसिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे हरियाणा में उत्कृष्ट 4 जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4 जी यूजर्स के 4 जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। हरियाणा में विभिन्न मानकों जैसे 4 जी अपलोड स्पीड, 4 जी डाउनलोड स्पीड, 4 जी वीडियो अनुभव, 4जी लाईव वीडियो अनुभव, 4जी गेम्स अनुभव और 4 जी वॉइस ऐप अनुभव पर वी का उत्कृष्ट नेटवर्क, उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ डिजिटल अनुभव एवं कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
ओपनसिगनल की रिपोर्ट हरियाणा सहित देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स में सुधार लाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। इसी साल अप्रैल में वी ने एफपीओ के जरिए रु 18,000 करोड़ की राशि जुटाई थी और कंपनी देश भर में अपने नेटवर्क में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
इस अवसर पर दीपक राव, क्लस्टर बिजनेस हैड, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख ने कहा, हमें खुशी है कि हमें हरियाणा में शानदार 4जी नेटवर्क परफोर्मेन्स के लिए सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि हमारे नेटवर्क को सशक्त बनाने तथा उपभोक्ताओं को सहज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए हमारे सतत निवेश की पुष्टि करती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2 एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302




# सीएम योगी ने परखी महाकुम्भ की तैयारियां

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए संगम पर बनाई जा रहीं 12 स्पेशल यूनिटें

**समीक्षा**

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर संगम पर पूजा पाठ करवाने के लिए किया जा रहा विशेष इंतजाम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर:** महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुरुवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे।

चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था

एसडीएम महाकुम्भनगर, अभिनव पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। संगम स्नान के दौरान देश-विदेश से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिहाज से संगम पर 12 स्पेशल यूनिटें बनाई जा रही हैं। इन यूनिटों की लंबाई 25 मीटर और 6 मीटर चौड़ाई होगी। इस यूनिट में चेंजिंग रूम की भी होगी व्यवस्था जिससे स्नान आदि के बाद किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए। इसके अलावा संगम से पुरानी और जर्जर नावें हटाई जा रही हैं। इनके स्थान पर फ्लोटिंग जेटी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उसे आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है।

**हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार**

**योगी** सरकार महाकुम्भ-2025 में 'हर घर जल गांव' बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह 'गांव' 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है।

## योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति में रचा कीर्तिमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** योगी सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

योगी सरकार ने हर घर को बिजली पहुंचाने का संकल्प और उद्योगों को निर्बाध आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में खुद को देश का अग्रणी राज्य साबित किया है। वर्तमान में देश में उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य हैं, जहां कई विकसित राज्यों की अपेक्षा कई गुना ज्यादा यूपी में घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो सीएम योगी के हर घर को बिजली के संकल्प को दर्शाता है।

**प्राथमिकता के आधार पर घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचायी जा रही निर्बाध बिजली आपूर्ति**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम्स) द्वारा 3.45 करोड़ उपभोक्ताओं को भीषण ग्रीष्म ऋतु में 30,618 मेगावॉट की अधिकतम डिमांड की बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करायी गयी। इन उपभोक्ताओं को एचटी से लेकर एलटी वॉल्टेज पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

इसके लिए 4,677 से अधिक विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण किया गया है। इन डिस्कॉम्स के कुल संयोजित भार में से 62 प्रतिशत संयोजित भार घरेलू श्रेणी के हैं जबकि अन्य श्रेणियों (औद्योगिक क्षेत्र) में यह आंकड़ा 38 प्रतिशत ही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर रही योगी सरकार




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं बच्चों के समुचित विकास व स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है। इसके लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को और भी स्मार्ट और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को किराए के भवनों से निकालकर खुद के भवनों में स्थापित करने का कार्य तेजी के साथ कर कर रही है। बीते छह वर्षों में प्रदेश में अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो चुका है। जबकि 8 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की बच्चों और महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने आंगनबाड़ी केंद्रों को जनता के बीच एक नई पहचान दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र गुणवत्तापूर्ण भवनों में संचालित हों। सरकार की योजना के तहत जो केंद्र अभी तक किराए के मकानों में चल रहे हैं, उनके लिए मनरेगा योजना के तहत भवन निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

**प्रतिबद्धता**

**बच्चों-महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने आंगनबाड़ी केंद्रों को जनता के बीच एक नई पहचान दी**

**अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र का हो चुका है निर्माण**

बता दें कि मनरेगा योजना के अंतर्गत जहां बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1981 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी अब तक 1122 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस वर्ष अब तक योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाने में 13262.15 लाख की धनराशि व्यय भी की जा चुकी है। जबकि करीब 8 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्य प्रगतिशील है। योगी सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## स्क्रैप यार्ड में लगी भीषण आग

**बागपत:** बागपत जिले की खेकडा तहसील क्षेत्र में एक स्क्रैप यार्ड में भीषण आग लग गयी। इस आग में लाखों का सामान जल गया। एक व्यक्ति घायल हो गया। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया । यार्ड में फायर सेफ्टी के कोई इंतजाम नहीं थे।

आग की घटना दिल्ली सहारनपुर हाइवे 709 बी स्थित गो ग्रीन ईएलवी हैंडलर्स स्क्रैप यार्ड में गुरुवार को हुई । सुबह के समय हुई घटना से आस पास धुंआ ही धुंआ दूर तक दिखाई दिया। लोग दहशत में नजर आए। सूचना के बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दोपहर तक आग पर काबू पाया। आग से लाखों का स्क्रैप जलकर नष्ट हो गया है। यह स्क्रैप यार्ड एक भाजपा नेता के मातहत था बताया जा रहा है। यार्ड में अग्निशन के कोई इंतजाम मौके पर देखने को नहीं मिले, जबकि दमकल विभाग के अधिकारी आग से बचाव के इंतजाम होने का दम भरकर नेता जी की चापलूसी करते नजर आए। तीन महीने पूर्व भी यहां आग की घटना हुई थी। इसके बाद भी कोई नहीं जागा। अगर यहां अग्निशमन की व्यवस्था होती तो आग की इतनी बड़ी घटना नहीं होती। इस आग में एक व्यक्ति भी घायल बताया गया है जिसका उपचार किया जा रहा है।

## मिड डे मील की खिचड़ी में छिपकली मिलने से हड़कंप

**बांकुड़ा:** बांकुड़ा के खातड़ा आंगनवाड़ी केंद्र में परोसी गई खिचड़ी में छिपकली मिलने की घटना से गुरुवार को हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकुड़ा के खातड़ा चौकबाजार आंगनवाड़ी केंद्र में प्रसूति और बच्चों सहित लगभग 57 लाभार्थी हैं।

# वर्ष 2019 के बाद से राज्य में दिखा परिवर्तन : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची:** छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है।



प्रयागराज महाकुंभ-2025 के लिए आमंत्रण, उत्तराखंड के राज्यपाल से बेबी रानी मौर्य की शिष्टाचार भेंट।

# संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए: केंद्रीय मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/जोधपुर:** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिनसे भारतीयों को सामाजिक-आर्थिक के साथ ही बौद्धिक लाभ भी मिल रहा है। भारतीय संस्कृति अब अवहेलना और अपमान की शिकार नहीं रही, देश के वातावरण में इस बदलाव को महसूस किया जा सकता है। इस क्रम में दुनिया का सबसे बड़ा युग युगीन संग्रहालय नई दिल्ली में बन रहा है। गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता में शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, वैश्विक काशी संस्कृति पथ, पुरावशेषों का प्रत्यावर्तन, शास्त्रीय भारतीय भाषाओं की संख्या में वृद्धि, परी परियोजना, पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन और संविधान अपनाने के 75वें वर्ष का स्मरण दिवस आदि पहलें अतुलनीय हैं।

**क्रांतिकारी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं**

महाकुम्भ-2025 का आयोजन हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाएगा। शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को विकसित भारत निर्माण का अभिन्न हिस्सा बनाने की सशक्त तैयारी है।

# मोदी के नेतृत्व में आयुष उत्पाद निर्माण में आठ गुना बढ़ोतरी

## अब गांव-देहात तक पहुंचेगी आयुर्वेदिक चिकित्सा

**उत्पाद निर्माण**

**आयुर्वेद की दवाएं अब एक छत के नीचे, आयुष औषधि केंद्र से मिलेगा नई दिशा, उत्पादों का वैश्विक विस्तार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल के दौरान आयुष के क्षेत्र में हुई पहलों से आयुष उत्पाद निर्माण में आठ गुना बढ़ोत्तरी हुई है। अब आयुष और हर्बल उत्पाद विश्व के 150 से अधिक देशों में निर्यात हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भी अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग उपकरणों के जैसी तकनीकी को अपना कर आगे बढ़ रहा है।

परेड ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो 2024 को संबोधित करते हुए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि भारत में लोग सामान्य तौर पर आयुर्वेद से उपचार पसंद करते हैं, लेकिन गांव-देहात तक डॉक्टर एलोपैथिक दवाओं का ज्यादा परामर्श देते हैं। ऐसा शायद इसलिए होता है क्योंकि आयुर्वेद की एक तो दवा कम है, फिर सारे रोगों की सारी दवाएं एक ही जगह पर मिलनी तकरीबन मुश्किल होती हैं।

इसलिए केंद्र सरकार सभी जिला, तहसील और गांव स्तर पर एक ही छत के नीचे आयुर्वेद की सभी दवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष औषधि केंद्रों की स्थापना करने का प्रयास कर रही है। ऐसा पहला केंद्र दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में शुरू हो चुका है।

# एनआईए ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने गुरुवार को महाराष्ट्र एटीएस के साथ मिलकर अमरावती, भिवंडी और संभाजीनगर इलाकों में छापेमारी करके आतंकी संगठनों से जुड़े तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन तीनों पर पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क में रहने का आरोप है। एनआईए और महाराष्ट्र एटीएस इन तीनों से गहन पूछताछ कर रही है।

एनआईए और महाराष्ट्र एटीएस की छापेमारी के दौरान भिवंडी से कामरान अंसारी को हिरासत में लिया गया है।

# 'सिरसा लोकसभा क्षेत्र में हो रेलवे परियोजनाओं का विस्तार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। सिरसा** लोकसभा क्षेत्र में रेल नेटवर्क की मांग को लेकर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष सिरसा लोकसभा क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव के साथ फतेहाबाद को रेल नेटवर्क से जोड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बाकायदा रेल मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा। वहीं सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने भी संसदीय क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने संसदीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क और ट्रेनों के ठहराव पर चर्चा की। उन्होंने सिरसा के प्लेटफार्म के आधुनिकरण और फतेहाबाद-अग्रोहा को रेल मार्ग से जोड़ने की पुरानी मांग को पूरा करने को लेकर पत्र सौंपा। उन्होंने कालिंदी एक्सप्रेस को भिवानी से आगे सिरसा तक एक्सटेंड करने की पुरानी मांग को रेल मंत्री के समक्ष रखा। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में रेल नेटवर्क की मजबूती को लेकर काफी प्रयास किए। उनके कार्यकाल के दौरान गोरखधाम एक्सप्रेस का हिसार से सिरसा और सिरसा से बठिंडा तक विस्तार हुआ।

